# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

वर्ष - 05 अंक - 52 बैकुंठपुर, बुधवार 20 नवम्बर 2024 पृष्ठ -8 मूल्य -1

RNI Reg No-CHHHIN/2020/87351

www.cgfrontline.com


## लंबित मामलों का निस्तारण एवं अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने पुलिस अधीक्षक ने दिए निर्देश

### पशु तस्करी में जप्त वाहन के मालिक भी बनेंगे आरोपी

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुर।** पुलिस कार्यालय स्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा अपराध समीक्षा बैठक लिया गया जिसमें समस्त राजपत्रित अधिकारीगण सहित थाना/चौकी प्रभारीगण, सभी शाखाओं के प्रभारीगण उपस्थित रहे। थाना/चौकी के लंबित प्रकरणों की जानकारी लिया गया एवं उसका निराकरण हेतू निर्देशित किया गया। पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ द्वारा विगत दिनों मीटिंग लेकर दिये गये निर्देशों का अक्षरसः पालन करने हेतु कहा गया। जिले के लंबित मामलों का शत प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिये गये। जिले में मुख्य रूप से गौ-तस्करी एवं मादक पदार्थों की तस्करी का सप्लाई चैन तोड़ने हेतु थाना प्रभारियों को मुखबीर तंत्र को और अधिक एक्टिव कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा मीटिंग में उपस्थित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुये कहा कि अवैध गतिविधियों में किसी तरह की संलिप्तता पाई जाती है तो संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। पुराने लंबित अपराधों की प्रत्येक थानावार समीक्षा की गई एवं शीघ्र निराकरण हेतु दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक जशपुर ने जिले के अवैध



कारोबार, गांजा तस्करी, जुआ, सट्टा, नशीली दवाओ के विरुद्ध करवाई करने, लंबित अपराध, चालान, विवेचना, लघु अधिनियम, आर्म्स एक्ट, मर्ग जैसे अनेक विषयों पर गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिये गये। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत् लगातार कार्यक्रम कर जनता के मध्य जाकर उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण करने हेतु कहा गया। लंबित शिकायत जाँच में लगातार कार्यवाही कर समयसीमा के भीतर जाँच कार्यवाही पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। लंबित समंस/वारंट की तामीली शत प्रतिशत करने हेतु निर्देशित किया गया। लंबित पासपार्ट, चरित्र सत्यापन, शहीद परिवार की समस्या, सिक/अवकाश गैरहाजिर प्रकरण, पीड़ित क्षतिपूर्ती प्रकरण, बंदी छुट्टी प्रकरण, सायबर टीप लाईन, सायबर पोर्टल प्रकरण एवं अन्य वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त षिकायतों का त्वरित निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी थानों के आंकड़ों का अनुविभागवार निरीक्षण किया, सभी थाना/चौकी के विवेचकों से उनके पास लंबित अपराध, मर्ग, चालान एवं 01 माह से अधिक समय से लंबित वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त शिकायतों पत्रों के बारे मे जानकारी ली एवं यथाशीघ्र निराकरण हेतु निर्देषित किया है। क्राईम पेंडेंसी की मौजूदा दर को 10 प्रतिशत के भी नीचे लाने के लिए निर्देशित किया गया है। बैठक में एसपी ने सभी प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों में बाउंड ओवर की कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया है। थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र में निरंतर पेट्रोलिंग करने के लिए भी निर्देशित किया है। 03 सवारी बैठाकर तेज रफ्तार से हॉर्न बजाते हुए दुपहिया वाहन चलाने वालों एवं नशे में वाहन चलाने पर चालानी कार्यवाही बढ़ाने के साथ मालवाहकों पर सवारी बैठाने वालों पर कड़ाई के भी निर्देश दिए गए है। यातायात शाखा को ब्लैक स्पॉट के संबंध में कार्यवाही करने एवं आईरेड पेंडिंग का त्वरित निराकरण हेतु कहा गया। पुलिस अधीक्षक ने जिलें के अपराध समीक्षा बैठक मे विवेचक के कार्यों की समीक्षा की, उन्होंने कहा कि उच्च स्तर की विवेचना की जाए। राजपत्रित अधिकारी विवेचकों के कार्यों की प्रतिदिन मानीटरींग कर आवष्यक दिषा-निर्देश देवें। पुलिस अधीक्षक ने समस्त थाना प्रभारियों एवं विवेचकों को स्पष्ट निर्देशित करते हुए कहा कि आपके अधिनस्थ, आपके द्वारा की जाने वाली विवेचना एवं दोषसिद्धि पर विशेष ध्यान दिया जाए। क्राइम मीटिंग के दौरान एसपी ने पुलिस राजपत्रित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी हफ्ते मे कम से कम एक बार अपने अधिकार क्षेत्र के किसी एक थाना मे विजिट जरूर करें तथा समय-समय पर औचक निरीक्षण करें, साथ ही पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि ठंड के दिनों में चोरी की घटना बढ़ जाती है इसलिये रात्रि गष्त को और अधिक प्रभावी बनावे, कर्मचारी को वायरलेस सेट, टार्च, डंडा लेकर ब्रीफिंग उपरांत थाना प्रभारी द्वारा रवाना किये जाने हेतु कहा गया, ताकि चोरी इत्यादि की घटनाओं पर अंकुश लग सके। प्रत्येक आरक्षक अपने-अपने बीट की कानून व्यवस्था एवं अपराध की जानकारी रखे एवं समय-समय पर अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते रहे। पैदल मार्च, कांबिंग गस्त और शाम को प्रभारी स्वयं क्षेत्र मे विजिबल पुलिसिंग के लिए निकले ताकि असमाजिक तत्वों में भय बना रहे। एसपी ने कहा कि आगामी पंचायत निकट है इस हेतु पुलिस को पूर्ण रूप से तैयार रहना है, अपने-अपने क्षेत्र के कोटवारों का मीटिंग लेकर चुनाव संबंधी सौंपे गये कार्य के बारे में अवगत करावें। ग्राम में कोई संदेही/बाहरी व्यक्ति घूम रहा है तो तत्काल उसकी सूचना पुलिस को देवें। प्रत्येक थाना/चैकी प्रभारी एवं रक्षित निरीक्षक स्वयं गणना लेंगे साथ ही शिकायत के सम्बन्ध मे कोई भी व्यक्ति थाना/चैकी से निराश होकर न लौटे, सभी के साथ शालीनता एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें एवं सभी की शिकायतों पर निष्पक्ष जांच हो, साथ ही विभिन्न घटित अपराधों में प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए, निगरानी बदमाश/गुंडा बदमाश की थाना मे लगातार बुलाकर और सकूनत पर जाकर चेकिंग करते रहें। पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता की थाना में उचित सुनवाई हो सके।

## दीर्घायु वार्ड द्वारा कैंसर पीड़ितों को मिल रहा कीमोथेरेपी से ईलाज

### आयुष्मान योजना से कैंसर पीड़ितों को मिल रहा निःशुल्क उपचार

■ पड़ोसी राज्य झारखंड, उड़ीसा से आ रहे हैं मरीज अपना इलाज कराने



**जशपुरनगर।** कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसमें ना सिर्फ मरीज अपितु उनके परिजनों को भी गंभीर प्रताड़ना झेलनी पड़ती है। जहां मरीज को शारीरिक और मानसिक व्याधि का सामना करना पड़ता है तो परिजनों को ईलाज का खर्च और उसकी दौड़ धूप उन्हें थका देती है, उपर से महंगे इलाज के कारण पूरे घर को आर्थिक समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है।

जशपुर जिले में पहले कैंसर के मरीजों को ईलाज के लिए दर-दर भटकना पड़ता था। किसी को कैंसर हो जाता तो उसके परिवार में मातम का माहौल हो जाया करता था। कैंसर के ईलाज निकटतम अम्बिकापुर, रांची या रायपुर में ही उपलब्ध हो पाता था। ऐसे में मरीजों को अपनी जीवनवृत्ति छोड़ कर ईलाज के लिए दूर जगहों पर जाना पड़ता था। जिसे देखते हुए जिले में कैंसर के ईलाज के लिए दीर्घायु वार्ड की शुरुआत जशपुर जिला मुख्यालय स्थित राजा देवशरण जिला चिकित्सालय में की गयी। इस संबंध में जिला चिकित्सालय के कैंसर कीमोथेरेपी नोडल अधिकारी डॉ. लक्ष्मीकांत आपट ने बताया कि जिला अस्पताल में कैंसर पीड़ित मरीजों के लिए निःशुल्क उपचार की व्यवस्था दीर्घायु वार्ड के माध्यम से की जा रही है। जहां विभिन्न प्रकार के कैंसर के उपचार के लिए कीमोथेरेपी के साथ पैलिएटिव केयर की सुविधाएं दी जा रहीं हैं। इसके साथ ही यहां पर कैंसर की जांच हेतु बायोप्सी, सिटी स्कैन, सर्जरी की भी सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जशपुर के अलावा उड़ीसा, झारखंड, अम्बिकापुर सहित अन्य जगहों से भी कैंसर पीड़ित मरीज यहां अपना उपचार करने आते हैं। किसी भी व्यक्ति को शरीर में असामान्य गांठें महसूस हो तो उन्हें अवश्य रूप से जांच करानी चाहिए।

कांसाबेल के कैंसर पीड़ित मरीज दीनदयाल यादव ने बताया कि उन्हें सितम्बर 2023 से कई शारीरिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। पहले जब जांच कराई तो हैड्रोसिल की समस्या का पहचान कर उसका ईलाज किया गया। पर शारीरिक व्याधि फिर भी बढ़ती रही पेट में सूजन हो गया। एक दिन वे घर पर काम करते हुए बेहोश हो गए तो 2-3 दिनों तक बेहोशी की हालत में कुनकुरी में ईलाज चलता रहा। जहां बीमारी का ज्ञान ना होने पर अम्बिकापुर में भी जांच हुई तो चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रायपुर जाने की सलाह दी। जहां पर चिकित्सकों की जांच में किडनी का कैंसर होने की बात सामने आई। घर में राजमिस्त्री का कार्य कर पूरे घर की जिम्मेदारी अपने ऊपर उठाने वाले दीनदयाल की इस हालत से पूरे परिवार में डर का माहौल फैल गया था, पर डॉक्टरों ने समझाया की उन्हें आर्थिक बोझ ना हो इसके लिए वे अपने जिले में ही इसका उपचार करा सकते हैं। जब वे जशपुर आये तो दीर्घायु वार्ड में उनका निःशुल्क उपचार आयुष्मान कार्ड योजना द्वारा प्रारम्भ हुआ। दीनदयाल का जहां बिस्तर से उठना बोलना भी दूभर हो गया था। अब धीरे-धीरे वह ठीक होने लगे हैं वे अब खुद उठ कर बैठने की अवस्था में आ गए हैं। इसके लिए दीनदयाल एवं उनकी पत्नी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भी धन्यवाद दिया।

## सामुदायिक सहभागिता और व्यवहार परिवर्तन से सार्थक होगी विश्व शौचालय दिवस की परिकल्पना

### विश्व शौचालय दिवस पर 45 हितग्राहियों को प्राप्त हुई प्रोत्साहन राशि

■ 192 हितग्राहियों को प्राप्त हुई व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय निर्माण की स्वीकृति

छ.ग.फ्रंटलाइन

**एमसीबी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री विजय शर्मा ने समुदाय में स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन एवं जनप्रतिनिधियों से सहभागिता सुनिश्चित किए जाने हेतु अपील की, इसके साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत में अपशिष्ट संग्रहण एवं पृथक्करण घरेलू गंदे पानी के उचित प्रबंधन हेतु भी विचार साझा किया। स्वच्छता व्यक्तिगत व्यवहार परिवर्तन का अहम हिस्सा है जिससे समाज, गांव और प्रदेश की तस्वीर बदलेगी। विदित हो कि प्रतिवर्ष 19 नवम्बर को विश्व शौचालय



दिवस मनाया जाता है इसके विस्तार हेतु 19 नवम्बर से 10 दिसंबर तक अभियान के रूप में चलाया जाएगा। जिसमें 14 से 18 नवंबर तक अक्रियाशील शौचालय का चिन्हांकन कर 19 नवम्बर को विश्व शौचालय दिवस का शुभारंभ एवं 19 नवम्बर से 5 दिसंबर तक 3 आर मतलब रिपेयर, रिस्टोर, रिफाइन पर केंद्रित कर व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालय का सौंदर्यीकरण एवं उपयोगिता सुनिश्चित करना। 5 दिसंबर से 9 दिसंबर तक जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सामुदायिक जागरूकता और हितग्राहियों की सुरुचि से अभियान अंतर्गत हमारा शौचालय हमारा सम्मान थीम पर प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

चयनित लाभार्थी को स्वच्छ सुंदर आकर्षक शौचालय हेतु सम्मानित भी किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री माननीय विजय शर्मा ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जनप्रतिनिधियों एवं पंचायतों के अभियान में पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करते हुए बेहतर क्रियान्वयन की अपील की है। उन्होंने चयनित लाभार्थियों को स्वच्छता में सुंदर एवं आकर्षण शौचालय कार्य करने वालों को सम्मानित करने की बात कही। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष राजकुमारी बैगा, उपाध्यक्ष दुर्गाशंकर मिश्रा, जनपद सीईओ प्रीतेश सिंह राजपूत, वैशाली सिंह, बिनोदकुमार जायसवाल, जिला समन्वयक राजेश जैन, प्रभा पयासी, सुभाष परस्ते, नेहा सिंह के साथ सरपंच, सचिव सहित स्वच्छाग्रहियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया में छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर विश्व शौचालय दिवस पर महत्वपूर्ण भूमिका एवं समाज में व्यवहार परिवर्तन कर स्वच्छ परिवेश हेतु छात्र-छात्राओं ने सहभागिता के महत्व को बतलाया।

## भाई, भाभी और भतीजे ने मिलकर छोटे भाई पर किया जानलेवा हमला, तीनों गिरफ्तार

**जशपुर।** प्रकरण के बारे में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले का विवरण इस प्रकार है कि चौकी करडेगा क्षेत्र की प्रार्थीया उम्र 36 वर्ष ने चौकी करडेगा में दिनांक 11.11.2024 उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसके पति रमेशचंद्र यादव दिनांक 10.11.24 को 11.00 बजे धान ढोकर अपने बडे भाई जोधन यादव के बोये चना के उपर चल कर जा रहे थे जिसे भतीजा बुलेश्वर यादव ने देखकर दोनों आंख नही दिखता, चना बोये खेत में चल रहे हो तुम्हारा पैर को छोप दूंगा कहकर अमर्यादित व्यवहार करने लगा, कुछ देर में जोधन यादव और उसकी पत्नी कमला यादव दोनो आलू के खेत तरफ से आ रहे थे, जोधन यादव अपने हाथ में लोहे का गैता पकड़ा था। दोनों पति-पत्नि वहां आकर प्रार्थिया के पति रमेशचंद्र यादव से अमर्यादित व्यवहार कर मेरे खेती किये खेत को बर्बाद कर रहो हो कहकर भतीजा बुलेश्वर यादव पीछे तरफ से आकर जान से मारने की नियत से रमेशचन्द्र यादव को टांगी के धार तरफ से गर्दन के बायें ओर 02 बार एवं बाये कंधा के नीचे पीठ में एक बार मारा जोधन यादव भी आकर गैता के पासा से मारा है। मारपीट से गंभीर रूप से घायल होकर रमेशचंद यादव जमीन में गिर गये तो बुलेश्वर यादव उनके छाती में बैठकर गला को दबा रहा था, प्रार्थिया और उसकी सास द्वारा बीच-बचाव करने पर वे तीनों वहां से भाग गये। प्रार्थीया की रिपोर्ट पर उपरोक्त धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान पतासाजी दौरान मुखबीर की सूचना पर दबिश देकर उक्त प्रकरण के तीनों आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर उनके मेमोरण्डम कथन में घटना दिनांक 10.11.2024 को पीड़ित रमेशचन्द्र यादव के साथ लोहे का गैता एवं लोहे के टांगी से जान से मारने की नियत से मारपीट करना स्वीकार करते हुए मेमोरण्डम कथन के तहत् घटना में प्रयुक्त एक लोहे का गैता को जोधन यादव एवं एक लोहे की टांगी को बुलेश्वर यादव के कब्जे से बरामद किया गया।

## घरेलू विवाद उग्र हुआ, पति ने की पत्नी और सास की हत्या, आरोपी फरार था 12 घंटे में गिरफ्तार

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुर।** पुलिस ने जानकारी देते हुए बतऔय कि प्रार्थी चक्रधर यादव उम्र 50 साल निवासी खजरीढाप चौकी कोतबा ने दिनांक 18.11.2024 को चौकी कोतबा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका पुत्र खीरसागर यादव उम्र 28 साल लगभग 06 वर्ष पूर्व कमाने-खाने के लिये केरल गया था, जो 01 वर्ष पहले घर आया और अपने साथ 01 महिला एवं 02 बच्चे लेकर आया। महिला, बच्चों के बारे में पूछने पर महिला को पत्नी रोषनी बाई उम्र 26 साल का बताया तथा 02 लड़के बच्चे उम्र 04 साल एवं 01 साल को स्वयं का पुत्र होना बताया। महिला को अलग जाति का होने से प्रार्थी ने अपने पुत्र खीरसागर यादव के हिस्से का जमीन एवं घर देकर अलग कर दिया था, वे प्रार्थी के घर से कुछ दूरी में रहते थे। खीरसागर यादव एवं उसकी पत्नी शराब पीकर हमेशा लड़ाई-झगड़ा करते रहते थे। लगभग 01 सप्ताह पूर्व खीरसागर की सास जगरमनी बाई उम्र 56 साल अपनी नाती को देख-रेख करने के उद्देष्य से मेहमान आई हुई थी। प्रार्थी चक्रधर यादव दिनांक 18.11.2024 के शाम लगभग 06:00 बजे अपनी पत्नी के साथ खेत तरफ से काम करके घर में लौटा था, उसी दौरान देखा कि खीरसागर यादव एवं उसकी पत्नी रोशनी बाई दोनों शराब पीकर लड़ाई-झगड़ा कर रहे थे। खीरसागर यादव पहले से बाजार से मछली एवं हड़िया खरीदकर लेकर आया था उसके पिये और लड़ाई-झगड़ा कर थे। सब्जी बनाने के दौरान किसी बात को लेकर दोनों पति-पत्नि में विवाद



बढ़ गया, इस कारण खीरसागर यादव अपनी पत्नी को लकड़ी डंडा से मारने लगा, वह डंडा टूट गया, फिर दूसरे डंडे से रोशनी बाई के सिर में जोर से वार करने पर वह जमीन में गिर गई। मारपीट करता देख बीच-बचाव करने आई जगरमनी बाई वहां पर आई थी उसके सिर में भी खीरसागर यादव ने डंडे से कई बार वार दिया। खीरसागर यादव के मारपीट करने से रोशनी बाई एवं जगरमनी बाई की मौके पर ही मृत्यू हो गई। प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट पर खीरसागर यादव के विरूद्ध चैकी कोतबा में भा.न्या.सं. की धारा 103(1) का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण का आरोपी खीरसागर यादव घटना घटित कर फरार था। डबल मर्डर की गंभीर अपराध घटित होने पर पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा तत्काल चौकी प्रभारी कोतबा उप निरीक्षक राकेश सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर प्रकरण के फरार आरोपी खीरसागर यादव की गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के सभी संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी। इसी दौरान आज मुखबीर से सूचना मिला कि आरोपी खीरसागर यादव ग्राम खाड़ामाचा थाना बागबहार में छिपा हुआ है, इस सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर जाकर दबिश देकर उक्त आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया। घटनास्थल का निरीक्षक एफएसएल टीम द्वारा भी किया गया है। आरोपी खीरसागर यादव ने उक्त घटना को घटित करना स्वीकार किया है, एवं उसके मेमोरंडम कथनानुसार उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा को जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने पर उसे दिनांक 19.11.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी की गिरफ्तारी में चौकी प्रभारी कोतबा उप निरीक्षक राकेश सिंह, प्र.आर. 137 अजय खेस, प्र.आर. 386 संजय लकड़ा, आर. 235 बूटा सिंह, आर. 58 उपेन्द्र सिंह, आर. 787 अनिल कष्यप, म.आर. 743 शारदा नाग का योगदान रहा है।

## जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) प्रबंधन समिति की बैठक आज

**बैकुंठपुर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला स्वच्छ भारत मिशन श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) प्रबंधन समिति की बैठक 20 नवम्बर 2024 को प्रातः 10.30 बजे को कलेक्ट्रेट सभा में आयोजित की गई है। सदस्य सचिव जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन विभाग, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, उपं संचालक पंचायत, समाज कल्याण विभाग, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को बैठक में उपस्थित होंगे।

## हमारा शौचालय-हमारा सम्मान कार्यक्रम में हितग्राहियों को मिली प्रोत्साहन राशि

छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर जिला पंचायत कोरिया द्वारा हमारा शौचालय हमारा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को आदत और संस्कार में बदलना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे स्वच्छ भारत मिशन का मुख्य उद्देश्य है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि मानवाधिकार दिवस के अवसर



पर प्रत्येक ग्राम पंचायत से दो और जनपद पंचायत स्तर पर तीन उत्कृष्ट व्यक्तिगत शौचालय हितग्राहियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा, राज्य स्तर पर प्रत्येक जनपद से पांच हितग्राहियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम में कोरिया जिले से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी और जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री वेदांती तिवारी ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। जिले के अन्य जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस अवसर पर कोरिया जिले के 58 हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय के स्वीकृति आदेश प्रदान किए गए। साथ ही 55 हितग्राहियों के बैंक खातों में प्रोत्साहन राशि का डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से भुगतान किया गया।

कार्यक्रम में जिला, जनपद और ग्राम पंचायत स्तर पर बड़े पैमाने पर ग्रामीणों की सहभागिता देखी गई। यह आयोजन स्वच्छता के प्रति जनचेतना बढ़ाने और समाज में स्वच्छता को आदत के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# पीआरपी द्वारा फर्जी हस्ताक्षर कर चेक से निकाला गया छह लाख रुपए

## इस्तीफा के महीनों बाद अब पुन: ज्वाइनिंग की पहल का हो रहा विरोध

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत तेजस्वी महिला कलस्टर संगठन लटोरी की पीआरपी द्वारा फर्जी हस्ताक्षर कर राशि आहरित किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। फर्जीवाड़ा करने वाली पीआरपी द्वारा इस्तीफा दिए जाने के कुछ महीने पुन: उक्त पद पर कार्य करने हेतु किए जा रहे पहल पर समूह की महिलाओं द्वारा अब जिला व जनपद सीईओ को ज्ञापन देकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई गई है। महिला समूह के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा उक्त पीआरपी की पुन: नियुक्ति किए जाने पर उग्र आंदोलन की बात भी कही जा रही है। कलेक्टर व जिला सीईओ को दिए ज्ञापन में यह उल्लेख किया गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत तेजस्वी महिला कलस्टर संगठन लटोरी की पीआरपी उषा यादव द्वारा तेजस्वी महिला कलस्टर संगठन लटोरी के अध्यक्ष पूजा राजवाड़े व कोषाध्यक्ष जरीना सुल्ताना का फर्जी हस्ताक्षर कर चेक क्रमांक 583711 पर 636348 रुपए आहरित कर लिया गया था। उक्त फर्जीवाड़े की जानकारी उस समय हुई जब बैंक स्टेटमेंट का ऑडिट कराया गया। आडिट उपरांत बैंक प्रबंधन द्वारा कलस्टर संगठन की अध्यक्ष पूजा राजवाड़े व कोषाध्यक्ष जरीना सुल्ताना को बैंक में तलब कर तस्दीक किया गया, जिसमें दोनों पदाधिकारियों द्वारा उनका फर्जी हस्ताक्षर चेक में होने की बात कही गई है। ज्ञात हो कि तेजस्वी महिला कलस्टर संगठन लटोरी अंतर्गत 28 पंचायत के 780 महिला समूहों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें जमा राशि से समूह की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाता है। समूह के सदस्यों ने बताया कि पीआरपी उषा यादव जो कि सरगुजा जिले के उदयपुर क्षेत्र की निवासी हैं के द्वारा उक्त कलस्टर में वर्ष 2019 से पीआरपी पद पर कार्य संपादित किया जा रहा है, जिनकी जिला पंचायत के माध्यम से की गई है। समूह के सदस्यों ने बताया कि पीआरपी उषा यादव द्वारा फर्जीवाड़ा का खुलासा होने उपरांत 5 अगस्त 2024 को अपने पद से इस्तीफा दिया गया था, जिसको स्वीकृत भी कर लिया गया था और यहां पर फिलहाल प्रभारी पीआरपी अलका रानी के माध्यम से कार्य संपादित कराया जा रहा है। इसके बाद अब पुन: पीआरपी उषा यादव द्वारा लटोरी कलस्टर में कार्य करने हेतु नियुक्ति कराए जाने का पहल किया जा रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेखित है कि पीआरपी उषा यादव कुछ ऐसे क्रेडर भी हैं, जिन्हें बिना कार्य किए ही मानदेय भुगतान किया गया है। ऐसी स्थिति में समूह के पदाधिकारियों द्वारा जिला पंचायत व जनपद पंचायत सुरजपुर के सीईओ को ज्ञापन देकर पीआरपी उषा यादव का दुबारा लटोरी कलस्टर में नियुक्ति नहीं किए जाने की मांग की गई है। साथ ही दुबारा उक्त पीआरपी की नियुक्ति लटोरी कलस्टर में होने पर उग्र आंदोलन की बात भी कही जा रही है।




**पद का किया दुरूपयोग**

महिला सदस्यों ने बताया कि पीआरपी उषा यादव द्वारा कलस्टर की अधिकांश महिला सदस्यों को गुमराह करके सपोर्ट इंडिया नाम की एक निजी कंपनी से जोड़कर करोड़ों रुपए जमा कराकर फर्जीवाड़ा किया गया है। महिला सदस्यों का आरोप यह भी है कि पीआरपी उषा यादव द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर महिलाओं को मोटी रकम दिलाने का झांसा देकर ऐसा कृत्य कराया गया है। कई महिलाओं के तो मोटी रकम उक्त कंपनी में जमा होने उपरांत वापस नहीं मिलने की उम्मीद पर महिलाओं ने समूह ही छोड़ रही हैं।

**राजनीतिक संरक्षण का आरोप**

महिला सदस्यों ने आरोप लगाया कि कलस्टर के अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष का फर्जी हस्ताक्षर कर चेक से राशि आहरण करने वाली पीआरपी उषा यादव को राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है। इसी वजह से उसके द्वारा इस तरह का फर्जीवाड़ा किया गया है। साथ ही अब दुबारा पीआरपी पद पर नियुक्ति के लिए प्रयास किया जा रहा है।

**चल रहा है जांच**

लटोरी कलस्टर के पीआरपी द्वारा फर्जीवाड़ा किए जाने की शिकायत मिली है। मामले की जांच हेतु जिला पंचायत सीईओ को दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी।

**एस. जयवर्धन**
**कलेक्टर सुरजपुर**

## राई जंगल में अनियंत्रित सूमो वाहन सड़क किनारे पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** सूमो वाहन से घर वापस लौट रहे वाहन चालक ने अचानक वाहन नियंत्रण खो बैठा और वाहन राई जंगल में सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में वाहन सवार बाल बाल बच गए लेकिन वाहन के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। गौरतलब है कि करंजी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बतरा नवापारा निवासी कालरी कर्मी खुलेश्वर प्रजापति सोमवार की शाम करीब छह बजे अपने सूमो वाहन क्रमांक सीजी 15 बी 9380 में नाती प्रिंस प्रजापति के साथ बिश्रामपुर से वापस घर लौट रहा था। तभी दतिमा मोड के आगे बिश्रामपुर-भटगांव मुख्य मार्ग पर ग्राम पंचायत राई में चौक के समीप वाहन चालक ने अपना नियंत्रण खो बैठा और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जंगल के एक पेड़ में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। दुर्घटना में वाहन सवार बाल बाल बच गए लेकिन वाहन के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।



# सुने मकान में धावा बोल चोरों ने पार किया सवा लाख रुपए नगद

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** सुने मकान में पीछे से एडवेस्टर सीट को क्षतिग्रस्त करके अंदर प्रवेश कर अज्ञात चोरों ने सवा लाख रुपए नगद चोरी कर ले गए हैं। पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत संजयनगर के सिकदारपारा में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 किनारे निवासी 50 वर्षीय निताई मित्रा सोमवार को ग्राम पंचायत रविंद्रनगर निवासी डीला दास के घर आयोजित श्रीमद भागवत कथा में शामिल होने गया था और उसका इकलौता बेटा अभय मित्रा अंबिकापुर गया था। इसी बीच अज्ञात चोरों ने प्रार्थी के सुने मकान में पीछे से एडवेस्टर सीट को तोड़कर घर के अंदर प्रवेश कर लिया। अज्ञात चोरों ने यहां पर दो कमरे में रखे आलमारी का लाकर तोड़कर करीब एक लाख बाइस हजार रुपए नगदी चोरी कर नौ दो ग्यारह हो गए हैं। रात करीब दस बजे जब प्रार्थी घर लौटा तब बाहर दरवाजे का तला खोलकर अंदर प्रवेश किया तो देखा दोनों आलमारी क्षतिग्रस्त हैं और सामान बिखरे पड़े हुए थे। प्रार्थी ने तत्काल मामले की सूचना पुत्र व जयनगर पुलिस को दिया। जयनगर थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार सिंह सूचना मिलते ही तत्काल दलबल के साथ रात में ही मौके पर पहुंच वस्तुस्थिति का जायजा लिया और मंगलवार को जयनगर पुलिस डॉग एक्सपर्ट के साथ मौके पर पहुंच कर मामले का जांच किया। यहां पर डॉग एक्सपर्ट को फिलहाल कोई सफलता हासिल नहीं हो सकी है। जयनगर पुलिस द्वारा मामले अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर उनकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि प्रार्थी निताई मित्रा एलआईसी एजेंट का कार्य करता है और करीब दस दिन से चार-पांच लोगों से 76 हजार रुपए कलेक्शन करके जमा करने हेतु रखा था और प्रार्थी का पुत्र अभय मित्रा द्वारा व्यवसाय के लिए शंभू सरकार से 50 हजार रुपए उधार लिया गया था जिसमें चार हजार रुपए को साथ रखकर अंबिकापुर गया था और शेष 46 हजार रुपए को आलमारी में रखा था।



# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, पायलट प्रोजेक्ट वित्तीय वर्ष 2024-25 में शीर्ष कंपनियों में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की शुरूआत की गई है। योजना का उद्देश्य 05 साल में शीर्ष 500 कंपनियों में 01 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करना है।

योजना के माध्यम से युवाओं को 12 महिनें तक विभिन्न व्यवसायों और रोजगार के अवसरों में वास्तविक जीवन के व्यवसायिक माहौल का अनुभव मिलेगा। आवेदन करने हेतु आवेदक की आयु 21 से 24 वर्ष के बीच तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास होना अनिवार्य है। इंटर्नशिप के 12 महिनों का अवधि के लिए आवेदक को 05 हजार रुपये की मासिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी। योग्य उम्मीदवार पीएम इंटर्नशिप डॉट एमसीए डॉट जीओव्ही डॉट इन पर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए संपर्क नम्बर 78312-99158, 73896-86363 एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बलरामपुर में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

# एसईसीएल के सभी क्षेत्रो की खदानों, इकाईयों में 26 को विरोध प्रदर्शन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के सभी क्षेत्रों की खदानों, इकाईयों में 26 नवंबर को केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय चार श्रम संगठन एटक, हिंद मजदूर सभा, इंटक और सीटू ने एक बैठक में लिया है।

संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक के केंद्रीय अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा ने बताया कि बैठक में चारों श्रमिक संगठन के प्रमुख मौजूद थे। बैठक में इस बात को लेकर निर्णय लिया गया कि वर्तमान समय में जिस तरह से केंद्र सरकार मजदूर विरोधी, किसान विरोधी निर्णय ले रही है, उसे किसी भी प्रकार से स्वीकार नहीं किया जा सकता और इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी, किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ देश सभी मेहनतकश जनता जिसमें विशेष कर मजदूर और किसानों ने संघर्ष का शंखनाद किया है, जिसके तहत कोयला श्रमिक भी इस संघर्ष में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिए हैं। यही कारण है कि आगामी 26 नवंबर को सभी कोयला खदानों में विरोध प्रदर्शन करके सरकार की मजदूर व किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ देश के विभिन्न संघर्ष कार्यों के साथ एकताबद्ध तरीके से अपनी भी हिस्सेदारी सुनिश्चित करेंगे। केंद्र सरकार आज पूरी तरह से किसान विरोधी एवं मजदूर विरोधी है। केंद्र सरकार चार लेबर कोड बिल लागू कराना चाह रही है वह पुरी तरह से मजदूर विरोधी तथा उद्योग पतियों के पक्ष में है। सरकार की मंशा देश की सभी सार्वजनिक उद्योग को समाप्त कर निजी हाथो में देने की है। आने वाले समय में देश में सिर्फ मालिक और मजदूर रहेंगे जो किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि सरकार के निर्णय का पूर जोर विरोध किया जाएगा।

## कोल इंडिया मानकीकरण समिति की बैठक 9 दिसंबर को

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया की जेबीसीसीआई-11 की मानकीकरण समिति की बैठक 9 दिसम्बर को आयोजित होगी। इस बार यह बैठक रायपुर में होगी। कोल इंडिया के महाप्रबंधक श्रम शक्ति एवं औद्योगिक संबंध द्वारा जारी पत्र के अनुसार बैठक 9 दिसम्बर को दोपहर तीन बजे से आयोजित होगी।

इसके पूर्व बोनस तय करने के लिए मानकीकरण समिति की बैठक 29 सितम्बर को नई दिल्ली में हुई थी। 9 दिसम्बर को होने जा रही बैठक का कोई एजेंडा तय नहीं है। बताया जा रहा है कि बैठक में लंबित मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके अलावा समिति के सदस्य श्रमिक नेताओं द्वारा मुद्दे रखे जाएंगे।

# सड़क पर सब्जी दुकान लगाने वालों के खिलाफ पिलखा नायब तहसीलदार ने की कार्यवाही

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** कलेक्टर के निर्देशानुसार आज सड़क पर सब्जी बाजार लगाने वालों के खिलाफ पिलखा नायब तहसीलदार द्वारा कार्यवाही कर अन्यत्र स्थापित किया गया है। गौरतलब है कि नगर में स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के बाजू में सहकारी बैंक के मार्ग पर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले फुटकर सब्जी विक्रेताओं द्वारा सड़क पर दोनों ओर दुकान लगाकर सब्जी बेचने का कार्य किया जा रहा था। सड़क पर सब्जी बिक्री की वजह से आमजन को उक्त मार्ग से गुजरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में नगर पंचायत बिश्रामपुर प्रबंधन द्वारा पूर्व में भी कई बार उक्त दुकानदारों को हॉट बाजार में दुकान लगाकर सब्जी बेचने हेतु समझाइश दी जा चुकी थी। बावजूद इसके सब्जी विक्रेताओं द्वारा अनसुना करके फिर से सड़क पर दुकान लगाकर सब्जी बेचने का कार्य किया जाने लगा था। इसी बीच किसी व्यक्ति ने कलेक्टर सुरजपुर से शिकायत करके उक्त गंभीर मामले में कार्यवाही किए जाने की मांग की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर एस जयवर्धन ने मंगलवार को पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह को नगर पंचायत बिश्रामपुर प्रबंधन के साथ संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही हेतु भेजा गया था। जिस पर पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह तत्काल मौके पर पहुंच सड़क पर सब्जी दुकान लगाने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए दुकानदारों को हॉट बाजार में शिप्ट किए जाने का निर्देश देकर कार्यवाही की गई है। कार्यवाही में पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह के अलावा नगर पंचायत बिश्रामपुर के उपयंत्री तरंग मित्तल, अरविंद यादव, रनदीप दास, राजस्व निरीक्षक समुज्जवला दुबे, हल्का पटवारी अरुण जायसवाल व अन्य सक्रिय रहे। ज्ञात हो कि सड़क पर ग्रामीण क्षेत्रों से आकर दुकान लगाए जाने से आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। हॉट बाजार के सामने भी पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं होने से लोग सड़क पर ही वाहनों को खड़ी कर देते हैं, जिससे अक्सर जाम की स्थिति निर्मित होती रहती है।



# 125 बोरी अवैध धान जब्त

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए धान खरीदी शुरू हो चुकी है। इस संबंध में जिला प्रशासन ने सभी निगरानी दलों, नोडल तथा राजस्व अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि धान के अवैध परिवहन एवं संग्रहण पर लगातार कार्यवाही हो तथा वास्तविक कृषकों से ही धान खरीदी की जाये। उपार्जन केन्द्रों में कृषकों के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं हो ताकि वे सुगमता से धान का विक्रय कर पाएं।

निर्देश के परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामानुजगंज श्री देवेंद्र प्रधान के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग की टीम के द्वारा उत्तरप्रदेश से आ रहे 02 पिकअप वाहन में अवैध धान जब्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रात: 05 बजे त्रिशूली निवासी संजय गुप्ता एवं वाहन चालक सिकेन्द्र के द्वारा पिकअप क्रमांक यूपी 64 एटी 5584 में पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश से 60 बोरी अवैध धान लाया जा रहा था। इसे प्रकार ग्राम सिलाजु निवासी देवकुमार एवं वाहन चालक जमुना प्रसाद के द्वारा भी पिकअप क्रमांक यूपी 64 बीटी 3354 में 65 बोरी अवैध लाया जा रहा था, जिसे राजस्व विभाग की टीम के द्वारा पचावल मोड़ में रोक कर जांच किया गया। दोनो वाहन के चालकों ने धान के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। और ना ही इस संबंध में संतोषप्रद जवाब दिया। धान सहित वाहन को जब्त कर सनावल थाना में सुपुर्द किया गया है। ज्ञातव्य है कि जिले में अवैध धान की आवक को रोकने के लिए टीम गठित कर कोचियों एवं बिचौलियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है। साथ ही नागरिकों से अपील की है कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि तथा अनियमितता होने पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसमें शिकायतकर्ता की जानकारी पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी।



# वार्षिकोत्सव में कार्मेल के नन्हे बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** नगर के कार्मेल कन्वेंट स्कूल किंडर गारटेन का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय चिकित्सालय बिश्रामपुर की शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रीता लाल थीं। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसमें स्वागत गीत के अलावा देश की विविधताओं को दर्शाती हुई मराठी, पंजाबी, राजस्थानी नृत्य बच्चों ने प्रस्तुत किए, जिसे उपस्थितजन ने खूब सराहा गया। मुख्य अतिथि डॉ. श्रीता लाल ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। इनका समुचित देखभाल हमारा पहला कर्तव्य है।इस दौरान प्रतिभागियों को उन्होंने पुरस्कृत कर मन लगाकर पढ़ाई करने देश व समाज की सेवा के लिए प्रोत्साहित भी किया।विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर एगनेस ने विद्यालय की उपलब्धियों को बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बच्चों को हाईटेक तरीके से पढ़ाई कराया जा रहा है ताकि बच्चे रुचि लेकर पढ़ें और विषय को समझें। इस हेतु कक्षाओं में स्मार्ट बोर्ड व दीवार पर अंकित चित्र द्वारा बच्चों को पढ़ने प्रेरित किया जा रहा है। आभार ज्ञापन के साथ आयोजन संपन्न हुआ।

आयोजन को सफल बनाने प्राचार्या के साथ अंग्रेजी माध्यम की प्राचार्या सिस्टर मार्लिन, सिस्टर जया ग्रेस, सिस्टर थेरेस, बिना, तारा, पीटीआई एसडी शर्मा, शिक्षक रघुवर जायसवाल, संतोष विश्वकर्मा, राजेंद्र सिंह, आनंद, देवसाय सहित स्कूली स्टॉफ सक्रिय रहे।




## बढ़व संगवारी जीने की राह ने हिर्री स्कूल में बताई कैरियर की राह

**दुर्ग, छ.ग. फ्रंटलाइन।** बढ़व संगवारी जीने की राह' के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिर्री में कैरियर काउंसलिंग एवं व्यक्तित्व विकास पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में डॉ मीरा बघेल, चार्टड अकाउंटेड विष्णु बघेल,ह्यष्द्गह्ल्ल के सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक डॉ राधेश्याम बघेल, समाज सेविका रामेश्वरी परगनिहा मुख्य रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने स्कूली छात्रङ्कछात्राओं के बीच अपने अनुभव बांटे, तथा कैरियर निर्माण के लिए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान दिया।

इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिर्री के प्राचार्य एम आर मंडारे, व्याख्याता वर्षा वर्मा, दमयंती देशमुख सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# आजादी के 78 वर्षों बाद मिली ग्राम वासियों को बिजली

## मूलभूत सुविधाओं के लिए हमारी प्रथम प्राथमिकता-राम विचार नेताम

संवाददाता रामानुजगंज



जनपद पंचायत रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत महावीरगंज के कई मजरा पारा में आजादी के 78 वर्ष बाद घर में बिजली बत्ती कि सुविधा उपलब्ध हो पाई है लंबे अर्शे से विद्युतीकरण का इंतजार कर रहे मोहल्ले वासियों ने घर तक बिजली पहुंचाने का श्रेय प्रदेश के कैविनेट मंत्री रामविचार को देते हुए उनका आभार जताया है। ग्राम पंचायत महावीरगंज के बोदी टोला,हाई स्कूल पारा,कोडाकू पारा,यादव पारा,हाड़ी घाट पारा,जरहाडीह पारा में आजादी के 78 वर्ष बाद विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण हो सका है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद यह उपलब्धि हासिल हो पाई है उक्त ग्राम पंचायत में कुल 7 नए ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। लोगों के घरों तक रोशनी पहुंचने से

उत्साहित सेवानिवृत्त एएसआई जगन्नाथ सिंह, अमरनाथ सिंह, शिवनारायण सिंह,जगेसर सिंह, धनेश्वर सिंह,शिवलाल सिंह, राजकुमार सिंह, बीठल सिंह सहित अन्य मोहल्ले वासियों ने रोशनी का श्रेय रामानुजगंज विधानसभा के विधायक एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम के प्रति आभार व्यक्त किया है।

उक्त संबंध में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि हमारे क्षेत्र की जनता हमसे बहुत स्नेह एवं प्यार करती है उनके लिए मैं कितना भी करूं वह कम ही होगा। छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय कि सरकार बेहतर काम कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। मूलभूत सुविधाओं के लिए मैं हमेशा तत्परता के साथ काम करता रहूंगा।

# हापुड़ में लाल सूटकेस में मिला युवती का शव

**पूरे चेहरे पर चोट के निशान; हाथ-पैर तोड़कर गठरी में बांधकर रखा**

संवाददाता

हापुड़, हापुड़ में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर लाल सूटकेस में एक युवती का शव मिला है। शव 2-3 दिन पुराना बताया जा रहा है। युवती की उम्र 30 - 32 साल के आसपास है, हाथ-पैर टूटा हुआ है। चेहरे पर गंभीर चोट के निशान हैं। जिससे पहचान नहीं हो पा रही है। मामला निजामपुर बाइपास के सदर कोतवाली क्षेत्र का है। बाइपास से गुजर रहे लोगों ने सड़क किनारे पड़ा सूटकेस देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सूटकेस खोला तो तेज बदबू आई। सूटकेस के अंदर से गठरी में बंधा युवती का शव निकला।

# विश्व शौचालय दिवस पर उप मुख्यमंत्री द्वारा हमारा शौचालय, हमारा सम्मान अभियान का शुभारंभ

**अभियान का उद्देश्य स्वच्छता और शौचालय के उपयोग को बढ़ावा देना, सफाई कर्मचारियों के सम्मान, और जल की गुणवत्ता पर भी रहेगा फोकस**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



अम्बिकापुर / विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा किया गया है। यह अभियान 19 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य शौचालय के उपयोग को बढ़ावा देना और ओडीएफ से ओडीएफ प्लस के स्थायित्व को बढ़ावा देना है। मंगलवार को ई सेवा केंद्र में वीसी के माध्यम से प्रदेश स्तर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने हमारा शौचालय, हमारा सम्मान अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान में उप मुख्यमंत्री ने पंचायत, विकासखंड एवं जिला स्तर पर सरंपच,सचिव और स्वच्छता ग्राहियों से बातकर उनका अनुभव जाना। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में 36 लाख से अधिक व्यक्तिगत शौचालय और 14 हजार से अधिक सामुदायिक शौचालय का निर्माण हुआ है। स्वच्छ भारत मिशन में सभी वर्ग जुड़कर माताओं बहनों के सम्मान के लिए घर घर-घर शौचालय बनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान में स्कूली बच्चों को शामिल कर लोगों को शौचालय के रखरखाव और इस्तेमाल के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश ओडीएफ बन चुका है। अब इसमें ओडीएफ प्लस की ओर बढ़ना है। स्वच्छ ग्राहियों द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और कचरा निपटान के लिए कार्य करना है। उन्होंने सरपंचों से गांवों को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में कदम उठाने को कहा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के माध्यम से शौचालयों के उपयोग, निर्माण और उनकी स्थिति में सुधार की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहल किए जाएंगे।

### अभियान की प्रमुख गतिविधियां

हमारा शौचालय, हमारा सम्मान अभियान में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसमें प्रमुख रूप से व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, सामुदायिक शौचालयों का सुधार, और सफाई मित्रों के लिए विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

व्यक्तिगत शौचालय निर्माणः- अभियान के तहत पात्र परिवारों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृति पत्र दिए जाएंगे। ताकि शौचालय निर्माण को प्रोत्साहन मिले और हर घर में शौचालय की सुविधा उपलब्ध हो।

बेस्ट शौचालय प्रतियोगिताः- ग्राम पंचायत स्तर पर व्यक्तिगत शौचालयों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

सामुदायिक शौचालयों की स्थिति का आंकलनः स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सामुदायिक शौचालयों की स्थिति का निरीक्षण किया जाएगा। जहां शौचालयों की कमी होगी, वहां निर्माण हेतु विभिन्न योजनाओं से स्वीकृति दी जाएगी।

स्वच्छाग्रही सम्मान और डिग्निटी कैम्पः- सफाई कर्मचारियों और स्वच्छता ग्राहियों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। साथ ही, उनके सम्मान में डिग्निटी कैम्प का आयोजन भी किया जाएगा, ताकि उनकी सेवाओं को सराहा जा सके।

जल परीक्षणः- जल प्रदाय योजनाओं के अंतर्गत जल का परीक्षण किया जाएगा। इससे जल की गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे लोगों को सुरक्षित पेयजल मिल सकेगा।


हमारा शौचालय, हमारा सम्मान अभियान सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य समाज में स्वच्छता और शौचालय के उपयोग को बढ़ावा देना है। यह न केवल शौचालयों के निर्माण को प्रेरित करेगा, बल्कि सफाई कर्मचारियों के सम्मान, सामुदायिक शौचालयों की स्थिति में सुधार, और जल की गुणवत्ता पर भी ध्यान दिए जाएंगे। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्री नूतन कंवर, उप संचालक पंचायत श्री यशपाल प्रेक्षा, एपीओ श्रीमती स्वेक्षा सिंह, डॉ प्रशांत शर्मा वैज्ञानिक, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन श्री रोशन गुप्ता, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्वच्छताग्रही दीदी, एवं सभी जिला एवं जनपद स्तर के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# रामानुजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मामला

## महिला ने फर्जी शिकायत करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध की कलेक्टर से कार्यवाई की मांग

संवाददाता रामानुजगंज

खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजगंज को पद से हटाने के लिए चारित्रिक हनन सम्बन्धी निराधार आरोप कर्मचारी नेता सुनील गुप्ता स्वास्थ्य कार्य कर्ता रामचन्द्रपुर जो की आरएचओ संघ का ब्लॉक अध्यक्ष है,अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर जबरदस्त साजिश करते हुए आरोप लगाया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ हेमंत दीक्षित के सख्त एवं साफ छबि से ऐसे अधिकारी/कर्मचारी परेशान हैं जो शासन द्वारा निर्धारित दायित्वों के निर्वहन में कोताही बरतते हैं तथा स्वेच्छाचारी हैं। कर्मचारियों के ऐसे ही एक वर्ग द्वारा खण्ड चिकित्सा अधिकारी को पद से हटाने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपनाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में संघ के लेटर पैड का उपयोग करते हुए विभिन्न स्थानों पर पत्र प्रेषित कर खण्ड चिकित्सा अधिकारी को हटाने की माँग की गई है माँग न माने जाने पर आंदोलन की धमकी दी गई है ।संबंधित के माध्यम से बीएमओ पर चारित्रिक आरोप लगाया गया है । जिस महिला के नाम से आरोप लगाया गया है वह महिला आज स्वयं कलेक्टर के कार्यालय में उपस्थित हुई तथा इस आशय का ज्ञापन सौपा की सुनील गुप्ता एवं विवेकानंद गुप्ता स्वास्थ्य कार्यकर्ता रात में मेरे घर आये थे तथा बीएमओ पर झूठा आरोप लगाने के लिए दबाव बना रहे थे एवं तरह तरह का लालच भी दे रहे थे। जब मेरे द्वारा बोला गया की मैं झूठा आरोप नहीं लगा सकती तो ये लोग मुझे घूरने लगे तथा धमकी देने लगे। इस बात से मैं बहुत डरी हुई हूँ तथा मानसिक रूप से परेशान हूँ।



महिला के द्वारा बताया गया है कि एक वर्ष पूर्व भी किसी ने साजिस करते हुए मेरे फर्जी हस्ताक्षर करके एक शिकायत पत्र कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था जिसमे इसी प्रकार का आरोप लगाया गया था। बाद में जाँच समिति के द्वारा मुझे बुलाये जाने पर मुझे ज्ञात हुआ और मेरे द्वारा इसका खंडन किया गया था। यह सारी साजिस एक मात्र खंड चिकित्सा अधिकारी को हटाने के लिए की जा रही है । कलेकटर बलरामपुर से उक्त महिला ने सुनील गुप्ता स्वास्थ्य कार्य कर्ता रामचन्द्रपुर एवं विवेकानंद गुप्ता स्वास्थ्य कार्य कर्ता पुरानडीह के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की माँग की है जिससे संबंधित को न्याय मिल सके और और लोगो के लिए मिशाल बन सके ताकि भविष्य में कोई किसी गरीब आदिवासी महिला का अपने स्वार्थ के लिए बेजा इस्तेमाल न कर सके।

# बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने बनेगा टूरिज्म कॉरिडोर

## बस्तर-सरगुजा क्षेत्रों के विकास में प्राधिकरणों की महत्वपूर्ण भूमिका : मुख्यमंत्री श्री साय

**बस्तर में पूर्ण शांति बहाली करते हुए अंदरूनी क्षेत्रों तक लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का संकल्प**

**सौर समाधान एप्प और मनो बस्तर एप्प लॉन्च**

**ऊर्जा चलित पॉवर बैंक का शुभारंभ**

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में चित्रकोट में बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक सम्पन्न**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर, - मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में चित्रकोट में आयोजित बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की पहली बैठक में बस्तर में पर्यटन को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए टूरिज्म कॉरिडोर बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही बस्तर अंचल के पर्यटन के लिए चिन्हित स्थानों को विकसित करने के लिए रणनीति तैयार की गई। बैठक में बस्तर में एनएमडीसी द्वारा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण के संबंध में भी चर्चा की गई। इस मौके पर श्री साय ने सौर समाधान और मनो बस्तर एप्प लॉन्च किया तथा सौर ऊर्जा चलित पॉवर बैंक का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के उन्नयन कार्यक्रम के लिए कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित धूड़मारास गांव के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे बस्तर को नई पहचान मिली है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र के पर्यटन ग्राम उन्नयन कार्यक्रम के लिए 60 देशों से चयनित 20 गांवों में भारत के छत्तीसगढ़ राज्य के धूड़मारास ने भी अपनी जगह बनाई है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्राधिकरण की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने बस्तर और सरगुजा के विकास पर अपना ध्यान विशेष रूप से केंद्रित किया है। इन क्षेत्रों के विकास में आदिवासी विकास प्राधिकरणों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि जनजाति क्षेत्रों के विकास के लिए राशि की कोई कमी नहीं होगी। सीएसआर मद में भी काफी राशि उपलब्ध है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। केन्द्र और राज्य दोनों में जनजातीय समुदायों के विकास के लिए संवेदनशील सरकारें हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक माओवादी आतंकवाद को खत्म करने का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में राज्य में बेहतर काम हो रहा है। माओवादी आतंकवाद छोटे से क्षेत्र में सिमट कर रह गया है। हम लोगों ने बस्तर में पूर्ण शांति बहाली करते हुए अंदरूनी क्षेत्रों तक लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का संकल्प लिया है। यह तभी होगा जब शासन के प्रति नागरिकों का विश्वास मजबूत होगा। यह विश्वास विकास से ही निर्मित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल, अस्पताल, आंगनवाड़ी, पेयजल, बिजली, मोबाइल टॉवर जैसी अधोसंरचनाएं अंदरूनी गांवों तक पहुंचा रही हैं। उन्होंने कहा कि नियद नेल्लानार योजना के तहत 34 नए सुरक्षा कैंप खोले गए हैं जहां ग्रामीणों को विभिन्न सुविधाएं भी दी जा रही हैं। बस्तर में शांति कायम हो, इसके लिए केंद्र और राज्य दोनों सरकारें सतत प्रयास कर रही हैं। बैठक में मंत्रियों, सांसदों, विधायकों से अमूल्य सुझाव मिले। सभी टीम भावना से काम करके विकास के प्रति एकजुटता दिखाएं।




### केशकाल घाट सुधार कार्य को जल्द पूर्ण कराने के निर्देश

मुख्यमंत्री श्री साय ने केशकाल घाट सुधार कार्य को जल्द पूर्ण कराने और प्राधिकरण मद से स्वीकृत सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने निर्देशित किया। उन्होंने कलेक्टर बस्तर को देवगुड़ी, मातागुडी के अप्रारंभ कार्यों को डेढ़ महीने में पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर को दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने दंतेवाड़ा के ग्राम नेरली, धुरली में लाल पानी की समस्या सहित विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए एनएमडीसी को समाधानकारक उपाय करने के निर्देश दिए और कहा कि संबंधित कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर संयुक्त बैठक कर आवश्यक पहल करें।

### मंत्रीगणों एवं जनप्रतिनिधियों ने दिए सुझाव

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। नियद नेल्लानार जैसी योजना और बस्तर ओलंपिक का आयोजन मुख्यमंत्री जी के विकास की पहल को दर्शाता है। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने मत्स्यपालन, डेयरी उद्यमिता को बढ़ावा देने और किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने नदी किनारे विद्युत लाईन बिछाने, अटल व्यावसायिक परिसर, एफआरए क्लस्टर में सामूहिक खेती को प्रोत्साहित करने के सुझाव दिए।

उन्होंने कहा कि बस्तर में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, ऐसे में बस्तर में नई खेल अकादमियों की स्थापना के लिए पहल की जाए।

वित्त मंत्री ओ.पी चौधरी ने क्षेत्र में होटल मैनेजमेंट संस्थान, नर्सिंग कॉलेज, ऑर्गेनिक, नैचुरल फॉर्मिंग प्रारंभ करने पोटा केबिन को स्थायी बनाने का सुझाव दिया। बस्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने बस्तर क्षेत्र में शिक्षा, उद्यमिता के विकास के लिए कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने प्रत्येक गांव में कृषि सेवा केंद्र प्रारंभ करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि बस्तर को पर्यटन के क्षेत्र में विश्व पटल पर स्थापित करने पर भी बल दिया। विधायक श्री किरणदेव सिंह ने कहा कि शोधार्थी छात्रों को सुविधाएं देने सेंट्रल इंस्ट्रुमेंटल लैबोरेटरी की स्थापना की जाए।

### आकांक्षी जिलों में अभियान चलाकर रिक्त पदों की भर्ती

मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में पुलिस बलों को बड़ी सफलता मिल रही है। प्रभावित क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को पहुंचाने 95 गांवों में सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने आकांक्षी जिलों में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए जिला प्रशासन को अभियान चलाकर प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। कांकेर कलेक्टर ने बैठक में बताया कि रावघाट परियोजना के तहत प्रभावित सभी किसानों को मुआवजा दिया जा चुका है। बीएसपी के प्रतिनिधि ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र के 153 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। सचिव शिक्षा ने बताया कि बस्तर अंचल में एक भी स्कूल बंद नहीं किया गया है। उन्होंने भवनविहीन स्कूलों के लिए भवन का प्रावधान करने की जानकारी दी।

बैठक में खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्री लक्ष्मी राजवाड़े, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, सहित बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप और बस्तर संभाग के समस्त विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष, अपर मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, प्रमुख सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विभाग, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद और श्री राहुल भगत, सदस्य सचिव प्राधिकरण श्री डॉ बसवराजु एस., विभिन्न विभागों के सचिव, कमिश्नर बस्तर, आईजी, सहित संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक बैठक में उपस्थित थे।

# कलेक्टर श्री विलास भोसकर की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक संपन्न

**समय सीमा बैठक और जनदर्शन अबसे होंगे सोमवार को, कलेक्टर ने दिए निर्देश**

**धान खरीदी, पीएम जनमन योजना, स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति, जाति प्रमाण पत्र सहित शासन के विभिन्न निर्देशों के पालन पर हुई समीक्षा**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर / कलेक्टर श्री विलास भोसकर की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में धान खरीदी की समीक्षा, पीएम जनमन योजना की प्रगति, स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति, जाति प्रमाण की प्रगति सहित शासन के विभिन्न निदेर्शों के पालन पर चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर ने शासन के निदेर्शों से अवगत कराते हुए कहा कि विविध सार्वजनिक कार्यक्रमों और आयोजनों के संबंध में आयोजकों द्वारा अनिवार्य रूप से पूर्व अनुमति लिए जाने निर्देश शासन द्वारा जारी किए गए हैं। उन्होंने अनुविभागीय दंडाधिकारियों को इसका शत प्रतिशत पालन करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि आगामी समय सीमा की बैठक एवं जनदर्शन सोमवार से आयोजित किए जाएंगे। सुबह 10 बजे से समयसीमा की बैठक होगी, जिसके बाद दोपहर 12 बजे से जनदर्शन आयोजित किया जाएगा।

### माह के पहले सोमवार को होगी स्वास्थ्य विभाग की बैठक

कलेक्टर श्री भोसकर ने बैठक में कहा कि आगामी हर माह के प्रथम सोमवार को समय सीमा बैठक एवं जनदर्शन की उपरांत स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की जाएगी जिससे जिले में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बैठक में अब तक जारी हुए वनाधिकार पत्रों के डिजिटाइजेशन के संबंध में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से जानकारी ली। इसी तरह उन्होंने स्कूली छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने की प्रगति पर भी एसडीएम एवं डीएमसी सर्व शिक्षा अभियान से जानकारी ली। धान खरीदी की हुई समीक्षा - बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए सभी नोडल अधिकारियों को अपने प्रभार के उपार्जन केंद्र में पहुंचकर धान खरीदी का जायजा लेने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में कहा कि राइस मिलों का राजस्व टीम भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट आगामी दिवस तक प्रस्तुत करें। इसके साथ ही उन्होंने जिले के 34 उपार्जन केंद्रों में बनाए गए किसान कुटीर के कार्यशील रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में सीएमएचओ को निर्देशित किया कि आने वाले दिनों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए जिसमें शासकीय अधिकारी, एनसीसी, एनएसए के कैडेट्स, कॉलेज के छात्र छात्राएं शामिल होकर रक्तदान करेंगे। समय सीमा की बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कंवर, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, नगर निगम आयुक्त श्री देव नारायण कश्यप सहित समस्त एसडीएम एवं सीईओ जनपद तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



सम्पादकीय

# स्वदेशी मिसाइल निर्माण में एक कदम और बढ़ा भारत

चीन के स्टील्थ फाइटर जेट के प्रदर्शन के बाद भारत ने लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण कर दो टूक संदेश दिया है कि भारत रक्षा क्षेत्र में नित मजबूत हो रहा है। भारत को अपनी रक्षा चुनौतियों का भान है और वह हर स्तर पर खुद को अपडेट कर रहा है। केंद्र में जब से नरेन्द्र मोदी की सरकार आई है, रक्षा क्षेत्र में अनेक नीतिगत बदलाव हुए हैं, स्वदेशीकरण व आत्मनिर्भरता पर बल दिया गया है। भारत ने रक्षा उपकरण से लेकर उच्च तकनीक फाइटर प्लेन तक के आयात पर अपनी निर्भरता को कम किया है। इन नीतिगत बदलाव का असर है कि दस वर्ष में ही भारत ने रक्षा क्षेत्र में निर्यात बाजार में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। लंबी दूरी की पहली स्वदेशी हाइपरसोनिक मिसाइल भारतीय सैन्य क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि है। अब भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जिसके पास तेज गति से और हवाई रक्षा प्रणालियों से बचते हुए मार करने की क्षमता वाला हथियार है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित हाइपरसोनिक मिसाइल भारतीय रक्षा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक पल है। वर्तमान में, रूस और चीन हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित करने में बहुत आगे हैं जबकि अमेरिका ऐसे हथियारों की एक श्रृंखला विकसित करने की प्रक्रिया में है। भारत की मिसाइलों में सामरिक और सामरिक महत्व वाली बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइल प्रणालियां शामिल हैं। इन मिसाइलों को स्वतंत्रता के बाद से विभिन्न मिसाइल कार्यक्रमों के माध्यम से विकसित किया गया है, जिसमें एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम (आईजीएमडीपी) सबसे महत्वपूर्ण और सफल है। मिसाइल प्रणालियों का विकास एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति संतुलन और सामरिक स्थिरता बनाए रखने के भारत के उद्देश्य को दर्शाता है। पृथ्वी, आकाश, अग्नि, ब्रह्मोस, सागरिका आदि मिसाइलें भारत के लिए भू-राजनीतिक चुनौतियों और संभावित खतरों का मुकाबला करने के लिए विकसित की गई हैं। अब हाइपरसोनिक मिसाइल भी है। इनका उद्देश्य किसी भी संघर्ष परिदृश्य के दौरान आक्रामक और रक्षात्मक दोनों क्षमताओं को मजबूत करना है। स्वदेशी प्रौद्योगिकी, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता, उच्च सटीकता और मारक क्षमता भारत की मिसाइल प्रणालियों की पहचान हैं। हमारी वर्तमान मिसाइल क्षमताएं पारंपरिक सैन्य तत्परता को मजबूत करने, विश्वसनीय परमाणु निवारण प्रदान करने तथा भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के अनुरूप राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने में सहायक होंगी। उच्च तकनीक मिसाइलों का रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने में बड़ा महत्व है। भारत के लिए थल, जल व नभ तीनों जगह रक्षा चुनौतियां हैं। मोदी सरकार ने रक्षा क्षेत्र के आधुनिकीकरण व स्वदेशीकरण के लिए सीडीएस, सैन्य रक्षा विभाग, डीआरडीओ की मजबूती, 101 सामान्य सैन्य साजोसामान के आयात पर रोक, सैन्य निर्माण में आत्मनिर्भरता, मेक इन इंडिया को बढ़ावा, एफडीआई सीमा 74 फीसदी करने, डिजिटलीकरण, ग्लोबल निर्माण हब बनने, डिफेंस स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन, छीवनी प्रशासन में सुधार, रक्षा भूमि सुधार, महिलाओं के लिए अवसर, सीमावर्ती व तटीय कनेक्टिविटी पर जोर समेत अनेक उपाय किए हैं। हालांकि अभी भी भारत सीकर्स, आरएएफ सीकर्स, प्रणोदन प्रणाली जैसे उच्च तकनीकों के लिए आयात पर निर्भर है और बराक, राफेल, हरक्यूलस, सुखोई जैसे फाइटर प्लेन के लिए भी आयात पर निर्भर है। रक्षा तकनीक क्षेत्र में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।



सुरक्षा
कर्नल देव आनंद लोहामरोड़


# हाइब्रिड आतंकवाद का बढ़ता खतरा

हाइब्रिड आतंकवादी ऐसे व्यक्ति होते हैं जो पूर्व में किसी भी प्रकार की आतंकवादी गतिविधि में शामिल नहीं हुए होते हैं और न ही उनका किसी प्रकार का सामाजिक तौर या पुलिस तथा सुरक्षा जांच एजेंसियों की रडार में किसी प्रकार का अपराधिक / आतंकवादी रिकॉर्ड नहीं होता है। सामान्य शक्ल–सूरत रखने वाले वह लोग जिनका गुप्त तरीके से नामांकित करते हुए भरती करने के उपरांत उचित प्रशिक्षण भी दिया जाता है एवं उनकी पहचान करना सुरक्षा बलों के लिए बहुत मुश्किल एवं चुनौती पूर्ण कार्य होता है। यह लोग आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होते हैं या उनमें सहायता करते हैं। हाइब्रिड आतंकवादी आम लोगों के बीच अपनी सामान्य आम सामाजिक पहचान के साथ रहते हैं।

जम्मू कश्मीर में नई सरकार बनने के बाद सक्रिय हुए आतंकवाद जिनके निशाने पर सेना एवं गैर कश्मीरी हिन्दू नागरिक दिखाई देते हैं। क्या यह कोई साजिश का हिस्सा है जिससे कि केंद्र और राज्य सरकार के बीच में दरार पैदा की जा सके या अलगाववादी एवं डीप स्टेट की कोई भारत सरकार पर दबाव बनाने की साजिश है? कुछ वर्ष पूर्व घाटी में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ के दौरान ऐसे आतंकवादियों को मार गिराया था जो एक-दो दिन पहले ही आतंकवादी समूह का हिस्सा बने थे।

कुछ मामलों में मारे गए आतंकवादी के परिवारजनों को यह भरोसा नहीं था कि उनके बच्चों ने आतंक का रास्ता अख़्तियार कर हथियार तक उठा लिया था। जम्मू कश्मीर पुलिस के मुताबिक़ 'हाइब्रिड आतंकी' वैसे आतंकवादी हैं जो हिंसात्मक गतिविधियों में एक नागरिक के तौर पर शामिल होते हैं। हाइब्रिड आतंकवादी ऐसे व्यक्ति होते हैं जो पूर्व में किसी भी प्रकार की आतंकवादी गतिविधि में शामिल नहीं हुए होते हैं और न ही उनका किसी प्रकार का सामाजिक तौर या पुलिस तथा सुरक्षा जांच एजेंसियों की रडार में किसी प्रकार का अपराधिक/आतंकवादी रिकॉर्ड नहीं होता है। सामान्य शक्ल-सूरत रखने वाले वह लोग जिनका गुप्त तरीके से नामांकित करते हुए भरती करने के उपरांत उचित प्रशिक्षण भी दिया जाता है एवं उनकी पहचान करना सुरक्षा बलों के लिए बहुत मुश्किल एवं चुनौती पूर्ण कार्य होता है। यह लोग आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होते हैं या उनमें सहायता करते हैं। हाइब्रिड आतंकवादी आम लोगों के बीच अपनी सामान्य आम सामाजिक पहचान के साथ रहते हैं। उन्हें दिशा निर्देश मिलने पर आतंकवादी कार्रवाई को अंजाम देने के उपरांत फिर से सामान्य जीवन बिताने लग जाते हैं। ये वो कश्मीरी युवा होते हैं, जिनकी कोई क्रिमिनल हिस्ट्री नहीं होतीहै तथा वे ऑनलाइन माध्यम से रेजिस्टेंस ग्रुप से जुड़ते हैं,उनकी ट्रेनिंग होती है, टागरेट तय होता है एवम टागरेट की रेकी की जाती है। फिर तय समय पर वारदात को अंजाम देने के साथ आतंकी वापस घर लौट आता है तथा अपनी आतंकवादी होने की पहचान गुप्त रखते हुये अपने गांव-शहर जाकर आम जिंदगी में सरीक हो जाता हैं। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भारतीय सेना ने घुसपैठ को जीरो प्रतिशत लेवल पर लाने में सफलता पाने के उपरांत विदेशी या विदेश में प्रशिक्षण प्राप्त आतंकवादियों का भारत की सीमाओं में घुसपैठ करना अब बेहद कठिन हो गया है।

जम्मू-कश्मीर में पहचान वाले ज्यादातर विदेशी या स्थानीय आतंकवादियो का भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा सफाया कर दिया गया और स्थानीय नागरिक आतंकवादी गतिविधियों से दूरी बनाने लग गए। दूसरी और पाकिस्तान पर फाइनेंशियल एक्शन टास्ट फोर्स (एफ ए टी एफ) की तलवार लटकी होने की वजह से पाकिस्तान प्रत्यक्ष तौर पर आतंकवाद समर्थक टैग से हर हाल में बचाना चाहता है। इसी वजह से एक नये विकल्प के रूप में पाकिस्तान द्वारा हाइब्रिड आतंकवादी तैयार करवाने का काम शुरू किया गया है। पाकिस्तान भारतीय युवाओं से ऑनलाइन संपर्क करता है और उनका ब्रेनवॉश करने के उपरांत उनको ऑनलाइन भर्ती किया जाता है। इन्हें ऑनलाइन ही ट्रेनिंग दी जाती है। जरूरत पड़ने पर इन्हें हमला करने के लिए भेजा जाता है।



हाइब्रिड आतंकी 1-2 की संख्या में हमले को अंजाम देते हैं। पाकिस्तान ऐसे लोगों को चिह्नित करता है, जो आपराधिक एवं राष्ट्र विरोधी मानसिकता से प्रेरित हो तथा राष्ट्र के प्रति वफादार नहीं हैं। वैसे तो पूर्व में भी कुछ महिला ओवर ग्राउंड कार्यकर्ता (ओजीडब्ल्यू) आतंकवादियों के साथी के तौर पर पाई जाती रही हैं लेकिन अब जब घाटी में आतंकवाद समाप्ती की ओर दस्तक दे चुका है ऐसे समय में यह सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक नई चुनौती साबित हो सकती है।

वैसे अभी तक महिला ओजीडब्ल्यू की संख्या काफी कम है, लेकिन यह एक नया ट्रेंड है और भविष्य में इस पर ध्यान देना पड़ेगा। दो नवंबर 2024 को अनंतनाग में दो मजदूरों पर हमले के लिए हाइब्रिड आतंकी को एक महिला ओजीडब्ल्यू द्वारा हथियार पहुंचाया था। आतंकी महिला ओजीडब्ल्यू पर सुरक्षाबलों को शक कम होता है विशेष कर कश्मीर की परिस्थिति और पोशाक के चलते ये आसानी से छोटे हथियार छिपाकर पहुंचा देती हैं। इनको ट्रैक करना मुश्किल होता है। ऐसे में इंटेलीजेंस की जिम्मेवारी एवं भूमिका काफी बढ़ जाती है। इंटेलीजेंसी का ताना-बाना सटीक होना चाहिए। हाइब्रिड आतंकवादी के काम करने का तरीका सामान्य आतंकवादी के पुराने ढंग से अलग होता है। पूर्व में लाइन ऑफ कंट्रोल के उस पार से आतंकी आते थे और हमलों को अंजाम देते थे। वे आमतौर पर गुरिल्ला रणनीति से चुपचाप अटैक करते और घाटी के घने जंगलों में गुम हो जाते, यह अपने स्थानीय मददगारों के इर्द-गिर्द पनाह ले लेते थे। कई बार वे स्थानीय लोगों की मदद से जम्मू-कश्मीर के भीतर ही छिपे रहते और नेटवर्क बढ़ाते थे। पहले किसी भी आतंकी घटना मे 3-4 आतंकी शामिल होते थे। एके- 47 जैसे बड़े और आधुनिक हथियारों आईडी का इस्तेमाल करते थे, लेकिन हाइब्रिड आतंकवादियों को पिस्टल, ग्रेनेड ,आईडी , कट्टा आदि दिए जाते हैं। इससे ये सेना और पुलिस की नजर में सीधे तौर पर नहीं आते हैं। घटना को अंजाम देने के बाद इनकी घर वापसी हो जाती है। इन्हें टीआरएफ या 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' का नाम दिया गया है।

टीआरएफ लश्कर से संबंधित एक संगठन है। भारत-पाकिस्तान लाइन ऑफ़ कंट्रोल पर घुसपैठ करना बहुत ही मुश्किल हो चुका है जिसके कारण ड्रग्स एवं आतंकवादी दोनों का ही भारत की सीमा को पार करना बहुत कठिन हो गया है। देखने में आया है कि कई बार पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित ड्रग एवं हथियार सप्लाई के लिए ड्रोन तथा अंडरग्राउंड टनल का इस्तेमाल किए जाने की घटनाएं सामने आई हैं। पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित ड्रग आतंकवाद में हाइब्रिड आतंकवादियों की भूमिका भी बड़े रूप में हो सकती है जिनको अब ड्रोन तथा भूमिगत टनलिंग के माध्यम से हथियार तथा ड्रग की खेप पहुंचाई जाने की खबरें भी सामने आती रही हैं। हाइब्रिड आतंकवादी और ड्रग माफिया का आपस में गठजोड़ से इनकार नहीं किया जा सकता। दोनों के एक होने की भी प्रबल संभावना पर जांच एवं सुरक्षाबल की पहली नजर जरूर होगी। एक खबर के मुताबिक कुपवाड़ा के साधन पास पर पूर्व में बड़ी मादक पदार्थों की खेप पकड़ी जाना इस विचार की पुष्टि करती है।

देश के दुश्मनों द्वारा आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के प्रयास को भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा उचित जवाब दिया जा रहा है। लेकिन जहां अंतरराष्ट्रीय पटल पर बड़ी उथल-पुथल देखी जा सकती है ,अलगाववादी / राष्ट्र विरोधी ताकतों द्वारा देश के खिलाफ षड्यंत्र की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता और देश के हर नागरिक को सावधान रहते हुए हमारी सुरक्षा एजेंसी एवं सरकार के साथ एकजुट होकर खड़े रहना एक समझदारी का काम होगा।

दिवस विशेष
अखिलेश आर्येन्दु




# मानव के लिए वरदान है प्राकृतिक चिकित्सा

मानव सभी जीवों में सबसे उत्तम है। इसकी बेहतरी जहां बुद्धि और समझ के स्तर पर है वहीं पर शरीर भी सभी जीवों से अत्यंत संतुलित, खास और सुन्दर है। विज्ञान भी मानता है कि मानव देह अपने आप में एक पूर्ण चेतन शरीर है। मानव की सभी इन्द्रियां किसी न किसी खास कार्य का संपादन करती हैं। ये इन्द्रियां तब तक अपने कार्य को बखूबी संचालित करती रहती हैं जब तक कि इन्हें नियम से कार्य करने में किसी तरह की रुकावट न डाली जाए। रुकावट और प्रतिकूलता की वजह से इन्द्रियों में विकार पैदा होता है और ये विकार किसी न किसी रोग के रूप में प्रकट होते हैं। वेद में इसका समाधान करते हुए कहा गया है कि जब शरीर बीमार हो तब इनके उपचार का कार्य होना चाहिए। शोधन यानी शुद्ध करना ही चिकित्सा कहा जाता है। शोधन की चिकित्सा जहां आहार-विहार से की जाती है वहीं पर दवा सेवन से भी रोग यानी शोधन का कार्य किया जाता है। इसी तरह मालिश के द्वारा, सम्मोहन के द्वारा, प्राणायाम के जरिए, प्रकृति के पांचों तत्त्वों के जरिए, ध्यान और शल्य चिकित्सा जैसे अनेक विधियों के जरिए किया जाता है। निरापद ढंग से शरीर, मन और आत्मा तीनों का उपचार प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति और उसके अंगों के जरिए ही किए जा सकते हैं। इसलिए प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति को ही एक सम्पूर्ण चिकित्सा पद्धति कहा जा सकता है। इस बात को भारत में प्राकृतिक चिकित्सा के अग्रदूत महात्मा गांधी जहां स्वीकार करते हैं वहीं पर प्राकृतिक चिकित्सा के जनक जर्मनी के लूई कुने, कोलंबिया विश्वविद्यालय के शरीर शिक्षा के प्रोफेसर डॉ. थॉमस डी. वुड और अन्य चिकित्सा शास्त्रियों और शरीर विज्ञान के विशेषज्ञों ने भी स्वीकार किया है। मानव प्रकृति की मदद से जिंदगी बसर करता है। प्रकृति के संसाधनों का उपयोग करके आज वह ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में बहुत दूर निकल चुका है। जिन पांच तत्त्वों से मानव की शरीर बनी है वे प्रकृति के मूल तत्त्व कहे जाते हैं। ये मूल तत्त्व चिकित्सा का कार्य भी करते हैं। इन तत्त्वों की सहायता से जो चिकित्सा की जाती है, उसे हम प्राकृतिक चिकित्सा के नाम से जानते हैं। देखा जाए तो यह प्राकृतिक चिकित्सा नहीं बल्कि प्रकृति के पंच तत्त्वों की चिकित्सा है जिसे अनेक विद्वान इसे तत्त्व-चिकित्सा पद्धति के नाम से भी जानते हैं। प्रकृति अपने आप में कोई तत्त्व या पदार्थ नहीं है अपितु प्रकृति अपने आप में एक सत्ता है। इसके मुख्यतः पांच तत्त्व हैं। इस ब्रह्मांड में वेद के अनुसार तीन सत्तायें-ईश्वर, जीव और प्रकृति हैं। तीनों सत्तायें पूर्णतः स्वतंत्र और अनादि हैं। प्राकृतिक चिकित्सा के कई हिस्से हैं- जिसमें योग-ध्यान, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंचर, यज्ञ चिकित्सा, प्रकृति के पंच तत्वों से चिकित्सा, पंच कर्म चिकित्सा-जिसमें वमन, विरेचन, वस्ति, नस्य, अभयंग, धारा, स्वेदानाम और पिलीचिल, इसे अल्टरनेटिव थैरपी भी कहा जाता है। इसके अलावा चुम्बक चिकित्सा, पत्थर चिकित्सा, रंग चिकित्सा, आहार चिकित्सा, मूत्र एवं दुग्ध चिकित्सा तथा सुगंध चिकित्सा को शामिल किया जा सकता है। इन सभी पद्धतियों में दवा खाने की जरूरत नहीं पड़ती है। यदि कहीं जरूरत पड़ती भी है तो आयुर्वेद जो एक तरह से प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के अत्यंत नजदीक है की दवाओं का सेवन कुछ उपचारों के दौरान कराना पड़ सकता है। लेकिन ज्यादातर दवाओं के सेवन की जगह आहार और खान पान को संतुलित और दुरुस्त करके काम निकाल लिया जाता है। भारतीय जीवन शैली दुनिया में अपने तरह की अलग जीवन शैली है जिसमें प्राकृतिक जीवन को ही अपनाया गया है। भारतीय वैदिक चिकित्सा शिक्षा के मुताबिक चौबीस घंटों में चार-चार घंटे वायु, पित्त, फिर कफ का समय होता है। भोजन करने का सही वक्त पित्तकाल में होता है। साथ में जठराग्नि तेज रहे, इसका भी ध्यान रखना चाहिए और जब भूख लगे, भूख से थोड़ा कम खाना चाहिए। भोजन के कम से कम दो घंटे के बाद ही थोड़ी मात्रा में पानी पीना चाहिए। प्राकृतिक जीवन और पद्धति में ऋतु अनुकूल जीवन व्यतीत करना ही मुफीद माना जाता है। इससे जहां यौवन बना रहता है वहीं लम्बी उम्र भी होती जाती है। आयुर्वेद में भी लम्बी उम्र का राज प्राकृतिक जीवनचर्या और संतुलित ऋतुचर्या के पालन में छिपा बताया जाता है। ऋतुचर्या का मतलब क्या है? इसका समाधान प्राकृतिक और आयुर्वेदिक दोनों चिकित्सा पद्धतियों में किया गया है, जिसके मुताबिक वात, पित्त और कफ संतुलित हों तो जिस ऋतु में जो सब्जी, अन्न, रस, शाक, पात, मेवा और फल पैदा होते हैं, उनका सेवन करना और जल का सेवन ऋतु के अनुकूल करते हुए आचार-विचार को सकारात्मक बनाए रखना अच्छी सेहत का बीज मंत्र है।

(लेखक योग-प्राकृतिक चिकित्सा के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः



संकलित
दर्शन

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो। जिसके पद चिह्नों पर चलकर और जिसके प्रदत्त मार्गदर्शन को अपनाकर जीवन को वैसा ही श्रेष्ठतम व सार्थक बनाया जा सके।


## दूसरों की भलाई करने वालों का स्थान सबसे ऊंचा



संकलित
प्रेरणा

कन्फ्यूशियस चीन के एक दार्शनिक थे। उनका जन्म करीब 551 ईसा वर्ष पूर्व हुआ था। कन्फ्यूशियस इतने विद्वान थे कि उनके पास कई राजा-महाराज भी मिलने पहुंचे थे। एक बार चीन के राजा ने कन्फ्यूशियस से पूछा था कि आप मुझे किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में बताएं, जिसका स्थान सबसे ऊंचा है। कन्फ्यूशियस ने राजा से कहा कि वह इंसान आप खुद ही हैं, क्योंकि आप हमेशा सत्य जानना चाहते हैं। राजा ने कहा कि आप तो मुझे मुझसे भी अच्छे व्यक्ति के बारे में बताइए। कन्फ्यूशियस ने तुरंत कहा कि आपसे अच्छा व्यक्ति तो मैं ही हूं, क्योंकि मैं भी आपकी तरह ही सत्य को जानना चाहता हूं। राजा बोला कि आपसे भी अच्छा और कौन है? इसके बाद कन्फ्यूशियस ने कहा कि मैं ऐसे एक व्यक्ति को जानता हूं, जो हम दोनों से भी महान है। चलिए, मैं आपको उससे मिलवाता हूं। कन्फ्यूशियस राजा को लेकर एक बूढ़े के पास पहुंचे। वह बूढ़ा व्यक्ति कुआं खोद रहा था। कन्फ्यूशियस ने कहा कि महाराज, ये व्यक्ति सबसे महान है, उसका स्थान हम सबसे बहुत ऊंचा है, क्योंकि ये दूसरों को पानी मिल सके, इसलिए कुआं खोद रहा है। ये दूसरों की भलाई के लिए अपनी सुख-सुविधा का भी त्याग कर देता है। इसका शरीर बूढ़ा हो गया है, लेकिन अभी भी ये दूसरों के लिए सेवा का काम कर रहा है। इसलिए इसका स्थान सबसे ऊंचा है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**प्रेस का दायित्व**

16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया। प्रथम प्रेस आयोग ने हमारे देश में प्रेस को स्वतंत्र बनाने और पत्रकारिता में और सुधार करने के उद्देश्य से देश में प्रेस परिषद बनाने के बारे में विचार किया था। 4 जुलाई 1966 को देश में प्रेस परिषद बनाई गई। लगभग 4 महीनों बाद 16 नवंबर को इस परिषद ने अपना कार्य आरंभ किया। इस दिवस का एक मुख्य उद्देश्य पत्रकारों को सशक्त बनाने का भी है। मीडिया लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने में मुख्य भूमिका निभाता है। हमारे देश में सबसे पहले हिंदी समाचारपत्र का प्रकाशन 30 मई 1826 को हुआ था। इसका नाम उदन्त मार्तण्ड था। अब हमारे देश में विभिन्न भाषाओं के बहुत से समाचारपत्र प्रकाशित होते हैं।

\- **मनोज शुक्ला**, धमतरी

## ट्रेंड

### बालासाहेब को नमन



मैं महान बालासाहेब ठाकरे जी को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। वह एक दूरदर्शी व्यक्ति थे जिन्होंने महाराष्ट्र के विकास और मराठी लोगों के सशक्तिकरण का समर्थन किया। उनकी साहसी आवाज और अटूट भावना पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### ओबीसी की रट



आजकल राहुल गांधी संविधान की पुस्तक लेकर ओबीसी की रट लगाए हैं। मैं उनसे पूछना चाहता हूँ कि जब मण्डल कमीशन की रिपोर्ट आई थी तब आपकी दादी (पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी) ने उसे क्यों लागू नहीं होने दिया?

**-जेपी नड्डा, भाजपा अध्यक्ष**

### जघन्य अपराध



झाँसी के अस्पताल में दस नवजात शिशु जीवन की शुरुआत करने से पहले ही आग की लपटों में मौत की भेंट चढ़ गए। यह केवल लापरवाही का मामला नहीं है, बल्कि यह जघन्य अपराध है।

**-कैलाश सत्यार्थी, बाल अधिकार कार्यकर्ता**

### जीवन पर किताब



मैंने कितनी बार अपने जीवन पर किताब लिखने के लिए कहा है! मैं बस यही कहता रहता हूं कि जिंदगी तब तक खत्म नहीं होती जब तक यह खत्म न हो जाए! मेरे जीवन पर अराजकता हावी हो गई है।

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**



## करंट अफेयर

### नेकां कश्मीर में योग्यता की हत्या कर रही : इल्तिजा




पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता इल्तिजा मुफ्ती ने जम्मू–कश्मीर में सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) पर योग्यता की 'हत्या' करने का रविवार को आरोप लगाया और कहा कि आरक्षण को तर्कसंगत बनाने के वास्ते पार्टी द्वारा किए गए 'झूठे वाद' 'सच्चाई से बहुत दूर' हैं। मुफ्ती ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'आरक्षण को तर्कसंगत बनाने के झूठे वादों के जरिए जम्मू–कश्मीर के युवाओं के साथ छल करने वाली पार्टी दिनदहाड़े योग्यता की हत्या कर रही है। पार्टी के वादे सच्चाई से कोसों दूर हैं।' अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कॉलेज द्वारा विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में रिक्तियों के लिए विज्ञापन जारी किए जाने के बाद उनकी यह टिप्पणी आई है। उपलब्ध 17 सीट में से केवल तीन सीट सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए हैं, जबकि अन्य सीट पिछड़े क्षेत्रों के निवासियों (आरबीए), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समेत विभिन्न श्रेणियों के लिए आरक्षित हैं। पीडीपी की अध्यक्ष और जम्मू–कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी और मीडिया सलाहकार इल्तिजा मुफ्ती ने नेकां पर निशाना साधते हुए कहा, 'राज्य का दर्जा ही एकमात्र मांग है, जिसके लिए वे सत्ता का निर्बाध आनंद लेने को लालायित हैं।'

## ऑफ बीट

### मूत्र मार्ग संक्रमण की दवाइयों से हो सकता है नुकसान



अमेरिका और दुनिया भर में हर साल लाखों लोग मूत्र मार्ग के संक्रमण से पीड़ित होते हैं। कुछ आयु वर्ग के समूह विशेष रूप से मूत्र मार्ग के गंभीर संक्रमण (यूटीआई) से ग्रस्त होते हैं, जिनमें महिलाएं, वृद्ध और कुछ पूर्व सैनिक भी शामिल हैं। इन संक्रमणों का आमतौर पर एंटीबायोटिक दवाओं से इलाज किया जाता है, लेकिन जिन रोगाणुओं को ये दवाएं लक्षित करती हैं, इन दवाओं के अधिक उपयोग से वे इनके प्रति प्रतिरोधी बन जाते हैं और दवाओं की प्रभावशीलता कम हो जाती है। दीर्घकालिक यूटीआई और एंटीबायोटिक प्रतिरोध की इस समस्या को हल करने के लिए, हमने माइक्रोबायोलॉजी (सूक्ष्म जीव विज्ञान) और इंजीनियरिंग में अपनी विशेषज्ञता को संयोजित करके एक जीवित पदार्थ बनाया है जिसमें लाभकारी ई. कोलाई की एक विशिष्ट प्रजाति मौजूद है। हमारा शोध यह दर्शाता है कि इस जैव पदार्थ से निकलने वाले 'अच्छे' जीवाणु पोषक तत्वों के लिए 'बुरे' जीवाणु से प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं और जीत सकते हैं, जिससे रोग पैदा करने वाले रोगाणुओं की संख्या में नाटकीय रूप से कमी आ सकती है। हमारा मानना है कि आगे के विकास के साथ, यह तकनीक बार–बार होने वाले मूत्र मार्ग संक्रमण (यूटीआई) को ठीक करने में मदद कर सकती है, जिस पर एंटीबायोटिक्स असर नहीं करते।




# देवरकोंडा और राधिका का गाना 'साहिबा' रिलीज

**मुंबई।** अभिनेता विजय देवरकोंडा और अभिनेत्री राधिका मदान के गाने 'साहिबा' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो अब खत्म हो चुका है। दरअसल, आज यानी 15 नवंबर को 'साहिबा' गाना रिलीज हो गया है, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। इस गाने को जसलीन रॉयल ने अपनी आवाज दी है, जिन्हें 'दिन शगना दा', 'हीरिये' और 'माये नी' जैसे गानों के लिए जाना जाता है। इस दौरान स्टेबिन बेन ने भी उनका साथ दिया है। विजय और राधिका की केमिस्ट्री को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। प्रिया सरैया और आदित्य शर्मा ने इस गाने के बोल लिखे हैं। जसलीन ने ही इस गाने को कंपोज किया है।



लाइफ Style

# यामी गौतम

## शेयर किया अपना मदरहुड एक्सपीरियंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम इन दिनों मदरहुड पीरियड इंजॉय कर रही है। लगभग 6 महीने पहले ही यामी ने बेटे वेदविद को जन्म दिया था। वहीं, अब बच्चा हो जाने के बाद पहली बार यामी गौतम ने इस पर खुलकर बात किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

महाल ही में मीडिया से बातचीत के दौरान यामी गौतम ने बताया कि "मुझे अभी भी कई बार विश्वास नहीं होता है कि मैं एक मां बन चुकी हूं। खासकर तब जब मैं किसी और से बात करते हुए वेदविद को अपना बेटा बुलाती हूं। यही वक्त होता है जब आप यह बात जोर से सभी के सामने रखते हो। एक्ट्रेस के मुताबिक बच्चा हो जाने के बाद में उनकी जिंदगी पूरी तरीके से बदल चुकी है। उन्होंने कहा कि "मुझे बहुत अच्छे से याद है कि अस्पताल से जिस दिन में घर पर आई थी सभी मेरे बच्चे को देखने के लिए बेकरार थे।

जैसा कि हर एक परिवार में होता ही है। यामी गौतम ने बताया कि वह रोजाना अपने बेटे से कुछ ना कुछ नया सीखती हैं। साथ ही बताया कि बेटे और पति आदित्य धर का कनेक्शन कैसा है। उन्होंने बताया कि आदित्य बहुत अच्छे पिता है, बर्प एक्सपर्ट भी है और वेदविद उनसे बहुत प्यार भी करता है। आदित्य को देखकर वह एकदम खिल उठता है और उनकी गोदी में कूद जाता है। यामी गौतम ने कहा कि मेरी मां बच्चे का ध्यान रखने में खूब मदद भी करती हैं।

हॉलीवुड मसाला



## 'बिग बॉस 18' में नजर आएंगी कार्दशियन बहनें

लॉस एंजिलस। छोटे पर्दे का सबसे चर्चित और विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 18वें सीजन को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। सलमान खान इस शो की मेजबानी कर रहे हैं। शो में तरह-तरह के ट्विस्ट और टर्न देखने को मिल रहे हैं। अब खबर आ रही है कि 'बिग बॉस 18' के निर्माताओं ने शो की ओआरपी बढ़ाने के लिए 3 हसीनाओं से संपर्क किया है। ये हसीनाएं और कोई नहीं, बल्कि कार्दशियन बहनें किम, काइली और केंडल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 'बिग बॉस' के निर्माताओं ने कार्दशियन बहनों (किम कार्दशियन, काइली जेनर और केंडल जेनर) को इस सीजन का हिस्सा बनने के लिए संपर्क किया गया है।



## एक भी हिट फिल्म नहीं फिर भी हैं सबसे रईस

लॉस एंजिलस। जब दुनिया के सबसे अमीर स्टार्स की बात आती है तो इस लिस्ट में शाहरुख खान से लेकर सलमान खान और टॉम क्रूज से लेकर जॉनी डेप जैसे बड़े सितारों को नाम आता है। इन सितारों के बीच एक ऐसी ऐक्ट्रेस है जो जिसे दुनिया की सबसे रईस एक्ट्रेस माना जाता है। हम यहां 1965 को शिकागो, इलिनोइस, अमेरिका में जन्मी 59 साल की जैमी गट्र्ज की बात कर रहे हैं। उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 1981 में की थी। जैमी बिना एक भी हिट फिल्म दिए 66 हजार करोड़ रुपये की संपत्ति की मालकिन हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बॉलीवुड के शाहरुख खान के पास 6300 करोड़ की संपत्ति है. सलमान खान के पास 2,900 करोड़ की संपत्ति, अक्षय कुमार की 2,500 करोड़ और आमिर खान की 1,862 करोड़ क के आसपास संपत्ति बातई जाती है. अगर इन सभी की नेटवर्थ को मिलाया जाए, तब भी जैमी गट्र्ज इसने सभी से बहुत आगे हैं।



## 'युद्धरा' ने ओटीटी पर दी दस्तक

**मुंबई।** अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म 'युद्धरा' को 20 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'युद्धरा' ने दुनियाभर में 11.31 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपये था। सिनेमाघरों में निराशाजनक प्रदर्शन करने के बाद अब 'युद्धरा' ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे चुकी है। 'युद्धरा' को आप घर बैठे अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं। इस फिल्म में सिद्धांत की जोड़ी मालविका मोहनन के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। राघव जुयाल ने भी इस फिल्म में अभिनय किया है।



## 'डाकू महाराज' से पहली झलक आई सामने

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता नंदामुरी बालकृष्ण इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'एनबीके 109' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म सनी देओल और रवि किशन भी अभिनय करते नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने फिल्म के शीर्षक से पर्दा उठा गया है, वहीं फिल्म का टीजर भी सामने आ चुका है। 'एनबीके 109' से नंदामुरी और रवि के साथ-साथ बॉबी की पहली झलक सामने आ गई है, जिसमें उनका धांसू अवतार दिख रहा है। नंदामुरी की आगामी फिल्म का नाम 'डाकू महाराज' रखा गया है। टीजर में उनको एक डाकू के अवतार में दिखाया गया है। फिल्म में रवि और बॉबी बतौर खलनायक नजर आएंगे, जिसकी झलक टीजर में भी देखने को मिली। 'डाकू महाराज' को अगले साल 12 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

# शादी समारोह में शामिल होने आए व्यापारी की रकाबगंज रेलवे पुल से गिरकर मौत

संवाददाता

लखनऊ। रकाबगंज रेलवे पुल से गिरकर रविवार रात कानपुर के व्यापारी की मौत हो गई। परिवार के साथ वह पांडेयगंज स्थित रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने आए थे। कानपुर के सीसामऊ निवासी सागर के मुताबिक, पिता सुनील कुमार श्रीवास्तव (50) मां सुशीला और बहन रितिका के साथ पांडेयगंज स्थित रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने आए थे। रविवार देर शाम को पिता सुनील अकेले ही टहलने निकले थे। वह टहलते हुए रकाबगंज पुल पर आ गए। इस बीच वह पुल से नीचे पटरी पर आग गिरे। सिर में चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। काफी देर बाद भी वापस न लौटने पर बहन रितिका ने पिता सुनील के मोबाइल पर कई बार फोन किया पर संपर्क नहीं हो पाया। रात करीब 10 बजे पिता के मोबाइल से जीआरपी ने हादसे की सूचना दी। आनन- फानन में उन्हें बलरामपुर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सागर का आरोप है कि रकाबगंज पुल पर अंधेरा और रेलिंग न होने से पिता सुनील की जान चली गई। पुल पर अंधेरा और रेलिंग न होने से वह अंदाजा नहीं लगा सके और हादसा हो गया। रेलिंग होती तो उनकी जान बच जाती है। आसपास के लोगों ने भी रेलिंग लगवाने की मांग की है।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक को मारी टक्कर

संवाददाता

मेरठ, मेरठ में वेस्ट एंड रोड़ स्थित बालाजी मंदिर के पास गुरुवार देर रात 120 की स्पीड से आ रहीं स्कार्पियो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार सवार 5 से 6 युवक मौके से फरार हो गए।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)**
**रा.प्र.क्र.ब/121 वर्ष ग्राम – भैयाथान प.ह.न. 13**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुमारी खुशबु पिता जाति केवट निवासी ग्राम भैयाथान प.ह.न.13 रा.नि.नं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के स्वयं कुमारी खुशबु का जन्म दिनांक 10/12/2005 को ग्राम भैयाथान में हुई है, अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नही करा पाया है। आवेदक अपने स्वयं का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत भैयाथान को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 26/11/2024 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तहसील भैयाथान
जिला सूरजपुर (छ०ग०)

एदद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुरेश कुमार घोड़की पिता लक्ष्मण राव घोड़की, पता संजय गुप्ता, रिंग रोड प्रतिक्षा बस स्टैण्ड के पास गंगापुर, अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छत्तीसगढ़ पिन कोड 497001, यह शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटि वंश पिता संजय गुप्ता अंकित हो गया है, जो कि संजय गुप्ता का नाम विलोपित करते हुए मेरे पिता का नाम लक्ष्मण राव घोड़की के नाम से जाना पहचाना जावें। आवेदक सुरेश कुमार घोड़की पता संजय गुप्ता, रिंग रोड प्रतिक्षा बस स्टैण्ड के पास गंगापुर, अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छत्तीसगढ़ पिन कोड 497001

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)**
**रा.प्र.क्र.ब/121 वर्ष ग्राम – रगदा प.ह.न. 14**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुलदीपराम यादव निवासी ग्राम रगदा प.ह.न.14 रा.नि.नं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्री आव्या यादव का जन्म दिनांक 11/11/2020 को ग्राम रगदा में हुई है, अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नही करा पाया है। आवेदक अपने पुत्री आव्या यादव का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत रगदा को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 27/11/2024 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की गुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तहसील भैयाथान
जिला सूरजपुर (छ०ग०)

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)**
**रा.प्र.क्र.ब/121 वर्ष ग्राम सत्यनगर प.ह.न. 17**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मालती पिता अमृत जाति कंवर निवासी ग्राम सत्य नगर प.ह.न. - 17 रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के भाई स्व० सतेलाल आ० अमृत का मृत्यु दिनांक 15/04/2008 को ग्राम सत्यनगर में हुई है, अज्ञानतावश मृत्यु पंजीयन नही करा पाया है। आवेदक अपने भाई स्व० सतेलाल का मृत्यु पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत सत्यनगर को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 28/11/2024 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 25/10/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तहसील भैयाथान
जिला सूरजपुर (छ०ग०)

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)**
**रा.प्र.क्र.ब/121 वर्ष ग्राम – दरीर्पारा प.ह.न. 02**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खेलसाय पिता स्व० बनवीर जाति गोड़ निवासी ग्राम तरका भैयाथान प.ह.न.02 रा.नि.नं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पिता स्व० बनवीर आ० बीरबल का मृत्यु दिनांक 10/12/2008 को ग्राम दरीर्पारा में हुई है, अज्ञानतावश मृत्यु पंजीयन नही करा पाया है। आवेदक अपने पिता स्व० बीरबल का मृत्यु पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत दरीर्पारा को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 26/11/2024 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तहसील भैयाथान
जिला सूरजपुर (छ०ग०)

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)**
**रा.प्र.क्र.ब/121 वर्ष ग्राम सत्यनगर प.ह.न. 17**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मालती पिता अमृत जाति कंवर निवासी ग्राम सत्य नगर प.ह.न. - 17 रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के भाई स्व० सुरेन्द्र आ० अमृत का मृत्यु दिनांक 20/05/2009 को ग्राम सत्यनगर में हुई है, अज्ञानतावश मृत्यु पंजीयन नही करा पाया है। आवेदक अपने भाई स्व० सुरेन्द्र का मृत्यु पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत सत्यनगर को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 28/11/2024 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 25/10/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तहसील भैयाथान
जिला सूरजपुर (छ०ग०)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्षम प्राधिकारी पत्थलगांव, जिला–जशपुर (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक/वाचक–1/व्यपवर्तन/2024**
**पत्थलगांव, दिनांक 14/11/2024**

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम मदनपर इंजको, प.ह.नं. 04, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ०ग०) को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रूद्रकुमार यादव पिता कैलाशराम, जाति महकुल, निवासी ग्राम गोढ़ीकला, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मदनपुर इंजको, प.ह.नं. 04 स्थित ख.नं. 119/1 रकबा 0.008 हे. 81.04 व.मी. आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ (मकान निर्माण) के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 11.12.2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) /
सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) सक्षम प्राधिकारी (डायवर्सन) प्रतापपुर, जिला–सूरजपुर (छ०ग०)**
**//उद्घोषणा//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विष्णु सोनी पिता ललन प्रसाद जाति सोनार निवासी सिंघरी तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा अपने स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम सिंघरी तहसील प्रतापपुर स्थित खसरा नंबर 479/2, 757/16 रकबा 0.02, 0.04 हे. भूमि को छ०ग० भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के अन्तर्गत कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 20/11/2024 तक यदि इस पर किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। इस तिथि के बाद प्राप्त दावा/अवत्ति माह कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 05/11/2024 को न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा०)
सक्षम प्राधिकारी
प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर (छ०ग०)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) / सक्षम प्राधीकारी पत्थलगांव, जिला–जशपुर (छ.ग.)**
**उदद्घोषणा**
**क्रमांक/वाचक–1/व्यपवर्तन/2024**
**पत्थलगांव, दिनांक 14/11/2024**

एतद द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पत्थलगांव प.ह.न. 06, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक अभिमन्यु तायल पिता अर्जुन तायल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पत्थलगांव प.ह.नं. 06 ख०नं 230/7 रकबा 0.048 हे0 486.24 वर्गमीटर स्थित आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ (मकान निर्माण) के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतुमय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 04.12.2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं की मुद्रा से जारी किया गया।


अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)

# जंगल व जमीन पूंजीपतियों को सौंप रही भाजपा

## रांची में बोले राहुल गांधी- हम सरकार गरीबों के लिए चलाना चाहते हैं

एजेंसी

नई दिल्ली, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रांची में कहा झारखंड चुनाव प्रचार के आखिरी दिन प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने कहा कि यह चुनाव विपक्षी गठबंधन इंडिया तथा भाजपा-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच विचारधारा की लड़ाई है, हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं जबकि वे इसे कुचलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने वादा किया कि कांग्रेस संस्थाओं, निजी कंपनियों, न्यायपालिका में अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति,



आदिवासियों का प्रतिनिधित्व जानने के लिए जाति आधारित जनगणना कराएगी।

राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी झूठ बोलते हैं कि मैं आरक्षण के खिलाफ हूं, विपक्षी गठबंधन इंडिया इसे बढ़ाना चाहता है, 50 प्रतिशत की सीमा हटाना चाहता है। उन्होंने दावा किया कि मैंने प्रधानमंत्री मोदी से जाति जनगणना कराने और आरक्षण बढ़ाने का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भाजपा आरक्षण बढ़ाने और जाति जनगणना कराने की हमारी योजनाओं के खिलाफ है।

# मणिपुर में बिगड़ रहे हालात, अमित शाह ने अर्धसैनिक बलों को दिए निर्देश

एजेंसी

नई दिल्ली, केंद्र ने राज्य में सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर मणिपुर में 5,000 से अधिक कर्मियों वाली केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की अतिरिक्त 50 कंपनियां भेजने का फैसला किया है। नॉर्थ ब्लॉक में सुरक्षा अधिकारियों से मुलाकात करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अर्धसैनिक बलों को मणिपुर में शांति और व्यवस्था बहाल करने पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश भी दिए। इससे एक दिन पहले रविवार को शाह ने मणिपुर में सुरक्षा स्थिति पर नजर रखने के लिए महाराष्ट्र में अपना राजनीतिक कार्यक्रम रद्द कर दिया था, जहां चुनाव नजदीक हैं।

---

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202410020700250**

विषयः- ब-121

मामले की श्रेणीः- राजस्व

सन्‌ः- 2024-2025

नमना कला प.ह.न. 00020 [(हे0)]

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार प्रभात शंकर,

अनावेदक पक्षकार -छ०ग० शासन,

**ईश्तहार**

आवेदक प्रभात शंकर आ० रामाधार जायसवाल, निवासी ग्राम करंजी, तहसील सूरजपुर, जिला सूरजपुर छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 157/346 रकबा 0.106 हे० भूमि के राजस्व अभिलेख में त्रुटिवश आवेदक का नाम प्रभात और शंकर अलग-अलग अंकित किया गया है, जबकि आवेदक का नाम प्रभातशंकर है। आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार किये जानें हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है, जो जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29.11.2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/10/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील - अम्बिकापुर

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्षम प्राधिकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**उद्द्घोषणा**

**क्रमांक 187/ वाचक-1/व्यपवर्तन/2024**

**पत्थलगांव, दिनांक 14/11/2024**

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पत्थलगांव, प.ह.नं. 06, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ०ग०) को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका आशा बीना खाखा पति सुशील कुमार खाखा, जाति उरांव, निवासी ग्राम पत्थलगांव वार्ड क्र. 03, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पत्थलगांव, प.ह.नं. 06 स्थित ख.नं. 89/10 रकबा 0.071 हे. में से रकबा 0.040 हे. 405.20 व.मी. आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ (मकान निर्माण) के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू. रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 11.12.2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ सक्षम प्राधीकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**//उदघोषणा//**

**क्रमांक //वाचक-1/व्यपवर्तन/ 2024**

**पत्थलगांव, दिनांक 07/11/2024**

एतद द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पालीडीह प.ह.न. 09, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका आशादीप बड़ा पिता उगन साय बड़ा जाति उरांव निवासी ग्राम कोलाईबहाल तहसील पत्थलगांव जिला- जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पालीडीह प. ह. नं. 09 ख०नं० 199/23 रकबा 0.040 हे0 (10 डिसमिल) स्थित आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु, मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्रि की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 27.11.2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक / समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चातप्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।आज दिनांक 07.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला जशपुर छ०ग०

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ सक्षम प्राधीकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**//उदद्घोषणा//**

**क्रमांक//वाचक-1/व्यपवर्तन/ 2024**

**पत्थलगांव, दिनांक 14/11/2024**

एतद द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पत्थलगांव प.ह.न. 06, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक अभिमन्यु तायल पिता अर्जुन तायल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला- जशपुर (छ.ग.) के ग्राम पत्थलगांव प. ह. नं. 06 ख०नं० 230/4 रकबा 0.010 हे० 101.30 वर्गमीटर स्थित आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ (मकान निर्माण) के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु, मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 04.12.2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चातप्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।आज दिनांक 14.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी र (रा.) सक्षम प्राधीकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**//उद्घोषणा//**

**क्रमांक //वाचक-1/व्यपवर्तन/ 2024**

**पत्थलगांव, दिनांक 07/11/2024**

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पालीडीह प.ह.न. 09, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अनिता कुजूर पिता धनाराम कुजूर जाति उरांव निवासी ग्राम मुड़ापारा तहसील पत्थलगांव जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पालीडीह प. ह. नं. 09 ख०नं० 199/12 रकबा 0.041 हे0 (10 डिसमिल) स्थित आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु, मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्रि सहित छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 27.11.2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक / समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्षम प्राधिकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

**क्रमांक 188/ वाचक-1/व्यपवर्तन/2024**

**पत्थलगांव, दिनांक 14/11/2024**

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम लुड़ेग, प.ह.नं. 21 तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ०ग०) को सूचित किया जाता है, कि आवेदक मो. इन्नूस पिता मो. जुमराती, जाति मुसलमान, निवासी ग्राम लुड़ेग, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम लुड़ेग, प.ह.नं. 21 ख०नं० 396/3क/2ख/2 रकबा 0.032 हे. 324.16 व.मी. स्थित आवेदित व्यपवर्तित भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1, रजिस्ट्री बैनामा एवं व्यपवर्तन आदेश की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 11.12.2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) /
सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (य.) / सक्षम प्राधिकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**उद्द्घोषणा**

**क्रमांक/ वाचक-1/व्यपवर्तन/ 2024**

**पत्थलगांव, दिनांक 14/11/2024**

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम कुकुरभुका, प.ह.नं. 04, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ०ग०) को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका नीलम कुजूर पति क्लेतियुस कुजूर, जाति उरांव, निवासी ग्राम डीपापिड़ी, तहसील जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारिणी में उल्लेखित तहसील पत्थलगांव के ग्राम कुकुरभुका, प.ह.नं. 04 स्थित ख.नं. 303/1 रकबा 0.160 हे. में से रकबा 0.040 हे. आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ (मकान निर्माण) के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री बैनामा की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 11.12.2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)

---

# मेरठ में सड़क हादसे में दो महिलाओं समेत तीन की मौत

संवाददाता

मेरठ , उत्तर प्रदेश में मेरठ जिले के सरूरपुर क्षेत्र में रविवार शाम एक ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गयी। घटना से नाराज लोगों ने रास्ता जाम कर प्रदर्शन किया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि सरधना क्षेत्र के रतनगढ़ी में रहने वाले एक ही परिवार के सदस्य उपासना (18), मनीषा (22) और सुनील कश्यप (45) किसी शादी समारोह में जा रहे थे तथा रास्ते में करनावल गेट के पास उनकी मोटरसाइकिल एक खड़ी ट्रॉली से जा टकरायी। इसी बीच पीछे से आ रहे एक ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार तीनों लोगों को कुचल दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में उपासना, मनीष और सुनील की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना से नाराज मृतकों के परिजनों और गांव के लोगों ने मौके पर हंगामा करते हुए रास्ता जाम कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंच गई है तथा ग्रामीणों को समझा कर शांत करने की कोशिश में जुटी हुई है।

# लखनऊ में रिटायर्ड शिक्षिका को डिजिटल अरेस्ट रखकर 18 लाख की ठगी

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक बार फिर एक रिटायर्ड शिक्षिका डिजिटल अरेस्ट के अभियुक्तों की भेंट चढ़ गये। यह घटना पीजीआई के पुराना कैंपस में रहने वाले डॉक्टर की बुजुर्ग मां के साथ हुई। मां को डिजिटल अरेस्ट कर कथित मुंबई क्राइम ब्रांच व सीबीआई अधिकारी बन जालसाजों ने 18 लाख रुपये ठग लिए। जालसाजों ने उनको सात दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रखा। ठगी का शिकार हुई बुजुर्ग सेवानिवृत्त शिक्षिका ने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है। हरियाणा के पंचकुला हरियाणा की रहने वाली सेवानिवृत्त शिक्षिका शिखा हलदर पीजीआई पुराना कैंपस निवासी डॉक्टर बेटे और बहू के साथ रहती है। उनके मुताबिक पांच नवंबर को सुबह 10 बजे उनके एक अनजान नंबर से कॉल आई। फोन कर्ता ने खुद को एसबीआई का कस्टमर का एजेंट बताया और शिखा के नाम से क्रेडिट कार्ड का फ्रॉड होने की जानकारी दी। शिखा ने क्रेडिट कार्ड के प्रयोग से इंकार कर दिया। इसके बाद जालसाज ने मुंबई क्राइम ब्रांच का नाम लेते हुए पूछताछ किए जाने की बात कही। कुछ देर के बाद शिखा के पास एक व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच कर्मी बताया। उसने बताया कि शिखा के नाम पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज है और उनके बैंक खातों की जांच होनी है। जालसाज ने इसके बाद शिखा को बताया कि अब आगे की जांच सीबीआई करेगी और फिर शिखा के पास एक दूसरे अनजान नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। उसने मनी लॉड्रिंग के केस का आरोपी बताते हुए पूरे परिवार को जेल भेजने की जैसे तमाम धमकी दी। इसके बाद जालसाज ने शिखा को धमकाते हुए रुपये वसूलने शुरू किए और 12 नंबर तक अलग-अलग बैंक खाते में 18 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। पीड़िता ने बताया कि जालसाजों ने उनको डिजिटली अरेस्ट रखा

---

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

**राजस्व प्रकरण क्र. द614/ब-121/2023-24**

**दिनांकः-8/11/2024**

आवेदक/आवेदिका का नाम शिवप्रसाद पिता/पति विशनाथ जाति गोड निवासी रामनगर ग्राम रामनगर प०ह०नं० थाना बिश्रामपुर तहसील व जिला सूरजपुर छ०ग० ने अपने पत्नी रामबाई पति शिवप्रसाद जन्म/मृत्यु दिनांकः- 03/04/2014 का जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतू आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रांरभ कर दी गई है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक : 22/11/2024 दिन शुक्रवार को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

तदनुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांकः- 8/11/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ०ग०)

---

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी भटगॉव तहसील भैयाथान**

**//ईश्तहार//**

**रा०प्र०क्र०/ब-121/2024**

आम जनता ग्राम खोपा को सुचित किया जाता है कि आवेदक माया लाल राजवाड़े आ० स्व० राम चरण जाति रजवार निवासी ग्राम खोपा तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर द्वारा अपने पिता स्व० राम चरण का मृत्यु दिनांक 10/06/1995 को मृत्यु होने पर आवेदक द्वारा अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र के पंजीयन बावत्‌ शुल्क अदा करें चालान की प्रति, शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसमें कार्यवाही प्रारंभ कर दी गयी है। जिस किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई आक्षेप हो तो वह अपना आक्षेप दिनांक 24/11/2024 न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चातप्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जायेगा, एवं तद् ?नुसार कार्यवाही कर दी जायेगी। आज दिनांक 19/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
भटगॉव

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०**

**ईश्तहार**

**रा०प्र०क्र०-/अ-6/2024-25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका विनिता पांडेय पत्नि कुंदन पांडेय, निवासी पी.डब्ल्यू.डी. कॉलोनी, रेस्ट हाउस के पीछे अम्बिकापुर के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदिका द्वारा राजेन्द्र कुमार डाहरे आ० बाबूलाल डाहरे, निवासी सत्तीपारा अम्बिकापुर मुख्तार खास वास्ते अशोक अग्रवाल आ.स्व. परमेश्वरी दास अग्रवाल, निवासी खरसिया चौक, अम्बिकापुर के स्वत्व एवं अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि शीट नं. 04, मोहल्ला केदारपुर, खसरा नं. 1980/31 रकबा 0.03 एकड़ भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र, पंजीयन दिनांक 30.10.2024 के माध्यम से क्रय किया गया है, अतः उक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र के के आधार पर आवेदिका द्वारा क्रयशुदा उक्त भूमि के नजूल अभिलेख में अपना नाम दर्ज कराने हेतु विक्रय पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 09/12/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक-14/11/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (य) सक्षम प्राधिकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**उदद्घोषणा**

**क्रमांक/ वाचक-1/व्यपवर्तन/ 2024**

**पत्थलगांव, दिनांक 14/11/2024**

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम बंधियाखार, प.ह.नं. 06, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ०ग०) को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका विनीता पति जेरेमियुस, जाति उरांव, निवासी ग्राम पत्थलगांव वार्ड क्र. 03. तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बंधियाखार, प.ह.नं. 06 स्थित ख.नं. 171/4 रकबा 0.048 हे. आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ (मकान निर्माण) के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री बैनामा की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 11.12.2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) /
सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

**रा०प्र०क्र०-/ब-121/2024-25**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती कृष्णा देवी अग्रवाल पत्नी श्री राजेन्द्र अग्रवाल निवासी संगम चौक विजय मार्ग अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० द्वारा मोहल्ला बाबूपारा, नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-9 स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 3467/4866/14 रकबा 97.58 वर्गमीटर भूमि से प्रस्तावित नक्शानुसार भू-तल पर रकबा 78.72 वर्गमीटर एवं प्रथम तल पर रकबा 72.72 वर्गमीटर पर आवासीय भवन निर्माण कराने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र मेन्टेनेन्स खसरा एवं प्रस्तावित ब्लूप्रिंट नक्शा की प्रति सहित आवेदन पत्र भवन निर्माण शाखा में प्रस्तुत किया है जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 09/12/2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः-19/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०/अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पूनम शुक्ला पत्नी मुकेश शुक्ला जाति ब्राहम्ण निवासी शिवधारी कालोनी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम सरगंवा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 127/1, 127/2, 127/4, 127/5 रकबा 0.220, 0.230, 0.0230, 0.220 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, पंचायत प्रस्ताव, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 04/12/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 18/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा).
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

**रा०प्र०क्र०/अ-2/2023-24**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रियंका बेक पत्नी चन्द्र प्रताप जाति उरांव निवासी राधापुर तहसील सीतापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम मणीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 194/9 रकबा 0.016 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 04/12/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 18/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा),
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

**रा०प्र०क्र०./अ-2/2023-24**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष यादव पिता स्व. रामप्रसाद यादव जाति अहीर निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 378/4, 379/6 रकबा 0.006, 0.012 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 05/12/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 19/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा),
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202410020700142/**

मामले की श्रेणीः- राजस्व

विषयः- अ-27

सनः- 2024-2025

नमना कला (प ह न. 00020),

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - हिमाभ गुप्ता, लोमा चौधरी, विजया गुप्ता, अनावेदक पक्षकार -विजया गुप्ता, लोमा चौधरी, हिमाभ गुप्ता,

**ईश्तहार**

आवेदक विजया गुप्ता आ० स्व० श्याम सुन्दर व अन्य, निवासी सुमंगल अपार्टमेंट फेस लिंक रोड कृष्णा नेत्रालय के सामने, फ्लैट नंबर 401 बिलासपुर छ०ग० के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 2/29, 2/31 रकबा 0.229. 0.480 हे० भूमि को उभयपक्ष के मध्य में 1/3 अंश में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 25.11.2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/10/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील - अम्बिकापुर

## तिवरागुडी विद्यालय की 66 बालिकाओं को वितरित की गई सरस्वती योजना की साइकिल



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** सरकार की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के तहत मंगलवार को ग्राम तिवरागुडी स्थित शासकीय हाई स्कूल में अध्ययनरत 9 वीं की 66 बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि संत साहू के द्वारा बताया गया कि सरकार की मनसा है कि किसी भी प्रकार से बालिकाऐं शिक्षा से वंचित न हो तथा दूर दराज एवं ग्रामीण सुदूर अचल में रहने वाले बालिकाओं को विद्यालय पहुंचने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना ना करना पड़े ओर वे समय पर अपने विद्यालय पहुंच सके। कार्यक्रम में उपस्थित एसएमडीसी के अध्यक्ष व मंडल के महामंत्री सुमन्त साहू ने अपने उद्बोधन में मौजूद अभिभावक से आग्रह किया कि वे बच्चो को समय पर विद्यालय भेज कर उनके शिक्षा स्तर को बेहतर बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को प्रेरित कर कहा कि आप लोगो का लक्ष्य ही, आप लोगों की मंजिल है। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच शंभू सिंह, भाजपा कार्यकर्ता अजय पांडे, राज लाल राजवाड़े, प्राचार्य पितांबर सिंह मरावी, श्रीमती मीना सिंह टेकाम , उप सरपंचश्रीमती शशि प्रभा साहू,सुभाष साहू, हसनाथ यादव, सुमार साय, एवं समस्त विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

**0 रामानुजनगर, चंदरपुर, पोड़ी व उमापुर केंद्र पहुंचे कलेक्टर ने किसानों पूछे उनके अनुभव**
**0 बोले-हेल्प लाइन नम्बर पर दर्ज कराए समस्या होगा त्वरित निराकरण**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** मंगलवार को कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिले के रामानुजनगर ब्लॉक के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों की सुविधा के दृष्टिगत सम्बन्धितों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने रामानुजनगर, चंदरपुर, पोड़ी व उमापुर में संचालित धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु धान खरीदी केन्द्र में सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित हो इसके लिए सतत मॉनिटरीग के निर्देश दिए। श्री जयवर्धन ने धान खरीदी केंद्र में किसानों से खरीदे गए धान के बारदाने का अवलोकन कर धान के गुणवत्ता को परखा, इसके साथ ही धान की नमी का आर्द्रता माप यंत्र में



अवलोकन भी किया। उन्होंने समिति प्रबंधक एवं कर्मचारियों को वास्तविक किसानों के रकबे की धान की खरीदी हेतु जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित किसानों से बातचीत कर उनके द्वारा बेचे गए धान की मात्रा के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्र में धान के रखरखाव हेतु स्टेकिंग की व्यवस्था तथा धान विक्रेताओं के आधार सत्यापन हेतु लगाए गए बायोमेट्रिक मशीन आदि कार्यों के संबंध जानकारी ली। कलेक्टर ने धान खरीदी पंजी एवं ऑनलाईन एंट्री के कार्य का अवलोकन कर किसानों से धान खरीदी की कुल मात्रा एवं उसकी समुचित एंट्री के कार्य का सूक्ष्मता से परीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान रामानुजनगर एसडीएम अजय मोड़ियाम, फूड इंस्पेक्टर संदीप भगत व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ ही किसानों के धान खरीदी संबंधी समस्या के समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर 18002333663 जारी किया गया है। किसान इन नम्बरों पर कॉल कर अपनी धान बेचने में आ रही समस्या को दर्ज करा सकते हैं।

# लोनिवि द्वारा जिले में नवीन सड़क निर्माण व सुधार का युद्ध स्तर पर किया जा रहा कार्य

**क्षतिग्रस्त 161.45 किमी मार्ग के मरम्मत का है लक्ष्य**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** लोक निर्माण विभाग के द्वारा जिले में परिवहन व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए नवीन सड़क निर्माण के साथ पुरानी सड़कों का सुधार कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। ताकि लोगो को बेहतर सड़क मार्ग की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। जिले में लोनिवि अंतर्गत वर्ष 2024-25 में कुल 18 नग मार्गों जिसकी कुल लबाई 63.42 किमी है, का लोकार्पण किया गया। इन मार्गों के बन जाने से जिले में रहने वाले ग्रामीणों के आवागमन सुविधा में वृद्धि हुई है। वहीं इन बारहमासी पक्की सड़कों के बन जाने से न केवल एक जगह से दूसरे जगह पहुंचना आसान हो गया बल्कि यह निर्माण जिले के आधारभूत विकास में इन



सड़कों के निर्माण में सहायक सिद्ध हो रहा है।
लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता महादेव लहरे से प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरजपुर के अधीन आने वाले मार्गों में वित्तीय वर्ष 2024-25 में बारिश, यातायात दबाव तथा अन्य कारण से क्षतिग्रस्त हुए 21 मार्गों जिनकी कुल लम्बाई 161.45 किमी. है उनके मरम्मत किये जाने का लक्ष्य रखा गया था। इस लक्ष्य के विरूद्ध अब तक कुल 9.40 किमी. में बी.टी. पैच रिपेयर के माध्यम से मरम्मत का कार्य किया गया है। वर्तमान में बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य प्रगति पर है एवं इन मरम्मत कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा।

# 1.85 लाख के नशीली दवाईयों सहित 2 गिरफ्तार, एक फरार

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** जिले की रामानुजनगर पुलिस ने नशे के रूप में उपयोग लाई जाने दवाओं के साथ बाईक सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है जबकि एक मौके से भाग निकला है। पकड़े गए युवकों के पास से 1.85 लाख की दवाएं जप्त की गई है। नशे का कारोबार कर युवा पीढ़ी को नशे की लत लगाने और नशे के गोरख धंधे में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर उन्हें




जेल की सलाखों के पीछे भेजने के कड़े निर्देश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के पुलिस अधिकारियों को दिए है। अधिकारियों को मिले कड़े निर्देश पर थाना-चौकी की पुलिस सूचनाए एकत्रित कर कार्यवाही करने में लगी हुई है। बताया गया है कि बीते सोमवार की रात्रि में रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि सूरजपुर की ओर से एक मोटर सायकल में 3 व्यक्ति नशीली दवाई लेकर बिक्री करने प्रेमनगर की ओर जा रहे है। सूचना पर पुलिस ने ग्राम नारायणपुर में घेराबंदी लगाया इसी दौरान मोटर सायकल में 3 व्यक्ति आते दिखे जिन्हें रोकवाने का इशारा करने पर 1 व्यक्ति मोटर सायकल से कूदकर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। पुलिस टीम ने मोटर सायकल सहित अजय साहू उर्फ जयप्रकाश उम्र 22 वर्ष ग्राम भुवनेश्वरपुर एवं रहमान ताज पिता समशुद्दीन उम्र 28 वर्ष ग्राम देवनगर को पकड़ा जिसके कब्जे से 318 नग नशीली इंजेक्शन, 22 नग कफ सिरप व 550 नग टेबलेट पाया, जिसकी बाजारू कीमत करीब 1 लाख 85 हजार रूपये है। मामले में नशीली दवाई व मोटर सायकल जप्त कर धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं मामले में फरार 1 आरोपी की पतासाजी सरगर्मी से की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर राजेन्द्र साहू, एएसआई मनोज पोर्ते, प्रधान आरक्षक सुशील तिवारी, हंसराम कनेडिया, आरक्षक दीपक यादव, महेंद्र सिंह, रूपदेव सिंह, सैनिक पंकज पटेल, रजनीश पटेल व देवचंद पाण्डेय सक्रिय रहे।

# स्वच्छता एवं वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर स्कुलो में चलाएं जागरूकता कार्यक्रम : कलेक्टर

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** मंगलवार को यहां जिपं सभाकक्ष में कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया । इस प्रबंधन समिति की बैठक में स्वच्छता संबंधित विभिन्न विषयों एवं उसकी कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस दौरान बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, कार्यपालन अभियंता, आई.ई.एस., ईई डब्ल्यू.आर.डी., उप संचालक कृषि, डीडी समाज कल्याण, डीडी पंचायत विभाग, जिला कार्य.अधि. महि.एवं. बा.वि.वि. एवं जिला शिक्षा अधिकारी उपस्थित थें।
बैठक के दौरान 19 अक्टूबर से 10 दिसंबर तक विश्व शौचालय दिवस जिले में मनाये जाने के निर्देश दिये गये। गौरतलब है कि इस वर्ष '' हमारा शौचालय हमारा सम्मान'' थीम पर विश्व शौचालय दिवस का आयोजन किया जा रहा है। समिति के सभी सदस्यों को डेसबोर्ड का अवलोकन कराया गया। ''हमारा शौचालय



हमारा सम्मान'' थीम पर विश्व शौचालय दिवस का आयोजन समस्त विभाग के साथ समन्वय कर आयोजित करने हेतु, कार्ययोजना बनाये जाने पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित व्यक्तिगत शौचालय के रखरखाव व मरम्मत हेतु एवं हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने हेतु निर्देश दिया गया।
इस प्रबंधन समिति की बैठक में कलेक्टर श्री जयवर्धन ने स्वच्छता को हम सभी नैतिक जिम्मेदारी बताते हुए, जिले को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने के लिए शासन के विभिन्न विभागों को समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए। जिले के बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए, उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को जिले के सभी स्कूलों में विभिन्न कक्षाओं में हाथ धुलाई से लेकर वेस्ट मैनेजमेंट तक के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्कूलों में वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर 'सेग्रीगेशन एट सोर्स' के सम्बन्ध में वृहद रूप में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके अलावा स्वच्छता अभियान में अच्छा प्रदर्शन करने वाले स्वच्छाग्रहियों को प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित करने हेतु निर्देशित किया।

# महाविद्यालय में चलाया गया नशामुक्ति अभियान

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ शासन उच्च शिक्षा विभाग के दिशा निर्देश में शासकीय नवीन महाविद्यालय चांदनी बिहारपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी धीरेंद्र कुमार जायसवाल के संचालन में सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षको और अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में नशामुक्ति और तम्बाकू मुक्त भारत के शिक्षण




संस्थान अभियान के तहत महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में छात्रा आस्था गिरी बीएससी फर्स्ट ईयर और अनुराधा वैश्य बीए फाइनल ईयर की छात्राओं ने नशा मुक्ति पर अपने विचार भी व्यक्त किये। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं के माध्यम से और हम सभी शिक्षकों के माध्यम से हमारा टोला मोहल्ला परिवार गांव तक नशा मुक्ति का मैसेज पहुंचे और अधिक से अधिक लोग नशा से मुक्त हो नशा करना छोड़ दें धीरे-धीरे उनमें नशा के प्रति विमुक्त हों और उनका पूरा परिवार सुख समृद्धि की ओर बढ़े यही इस नशा मुक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य रहा और धीरे-धीरे करके हमारा पूरा भारत नशा से मुक्त हो हमारे कार्यक्रम का यही प्रमुख उद्देश्य है।


## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, ( वि./यां. ) संभाग अम्बिकापुर, जिला सरगुजा ( छ.ग. )

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-4148/NIT-14/2024-2025/व.ले.लि. दिनांक : 13.11.2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 25.11.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 03.12.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 04.12.2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
कार्य हेतु :-
निविदा प्रपत्र का मूल्य :- 750.00 रूपये, निविदाकारों की श्रेणी:- ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक तथा कार्य की अवधि दिनांक 31.03.2025 तक वर्षा ऋतु सहित निर्धारित है।

| एनआईटी क्र.14 निविदा क्र. | कार्य का नाम/ NoOfCalls ( प्रथम आमंत्रण ) | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) - अमानत राशि(रू.मे) - बैंक साल्वेंसी (रू.में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| बलरामपुर जिले के अंतर्गत निम्नलिखित भवनों में विधुतीकरण का संधारण मरम्मत एवं रख -रखाव का कार्य। | | |
| T0148 | कमिश्नर बंगला/ए.डी.एम/ए.डी.जे. बंगला बलरामपुर में | 4.50 - 4500.00 - 67500.00 |
| T0149 | कलेक्टर बंगला/डी.जे. बंगला बलरामपुर में | 4.50 - 4500.00 - 67500.00 |
| T0150 | एस.पी. बंगला/ए.डी.जे. बंगला/सी.जे.एम. बंगला बलरामपुर में | 4.50 - 4500.00 - 67500.00 |
| T0151 | कलेक्टोरेट/कम्पोजिट भवनों बलरामपुर में | 4.50 - 4500.00 - 67500.00 |
| T0152 | तहसील ऑफिस एवं सिविल कोर्ट भवनों में | 4.50 - 4500.00 - 67500.00 |
| T0153 | ब्लाक बलरामपुर के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में | 3.00 - 3000.00 - 45000.00 |
| T0154 | ब्लाक रामानुजगंज के अंतर्गत शासकीय गैर-आवासीय भवनों में | 4.50 - 4500.00 - 67500.00 |
| जिला एम.सी.बी. के अंतर्गत निम्नलिखित भवनों में विधुतीकरण का संधारण मरम्मत एवं रख -रखाव का कार्य। | | |
| T0155 | जज बंगला/ए.डी.एम. बंगला एम.सी.बी. में | 4.50 - 4500.00 - 67500.00 |
| T0156 | कलेक्टर बंगला एम.सी.बी. में | 3.00 - 3000.00 - 45000.00 |
| T0157 | कोल्लेक्टोरेट एम.सी.बी. में | 4.50 - 4500.00 - 67500.00 |
| T0158 | तहसील ऑफिस एवं न्यायालय भवन में | 3.50 - 3500.00 - 52500.00 |
| T0159 | ब्लाक मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में | 3.00 - 3000.00 - 45000.00 |
| T0160 | ब्लाक भरतपुर एवं खड्गॉव के अंतर्गत शासकीय गैर-आवासीय भवनों में | 4.50 - 4500.00 - 67500.00 |
| कोरिया जिले के अंतर्गत निम्नलिखित भवनों में विधुतीकरण का संधारण मरम्मत एवं रख -रखाव का कार्य। | | |
| T0161 | ए.डी.एम. बंगला/ए.डी.जे. बंगला कोरिया में | 4.50 - 4500.00 - 67500.00 |
| T0162 | कलेक्टर बंगला/डी.जे. बंगला कोरिया में | 4.50 - 4500.00 - 67500.00 |
| T0163 | कलेक्टोरेट/कम्पोजिट भवनों में | 4.50 - 4500.00 - 67500.00 |
| T0164 | तहसील ऑफिस एवं फॅमिली कोर्ट भवनों कोरिया में | 3.50 - 3500.00 - 52500.00 |
| T0165 | ब्लाक सोनहत के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में | 3.00 - 3000.00 - 45000.00 |
| T0166 | ब्लाक बैकुंठपुर के अंतर्गत शासकीय गैर-आवासीय भवनों में | 4.50 - 4500.00 - 67500.00 |
| सूरजपुर जिले के अंतर्गत निम्नलिखित भवनों में विधुतीकरण का संधारण मरम्मत एवं रख -रखाव का कार्य। | | |
| T0167 | ए.डी.एम. बंगला/ए.डी.जे. बंगला/एस.डी.एम. बंगला सूरजपुर में | 4.50 - 4500.00 - 67500.00 |
| T0168 | कलेक्टर बंगला/डी.जे. बंगला सूरजपुर में | 4.50 - 4500.00 - 67500.00 |
| T0169 | कलेक्टोरेट/कम्पोजिट भवनों सूरजपुर में | 4.50 - 4500.00 - 67500.00 |
| T0170 | तहसील कार्यालय एवं फेमिली कोर्ट भवनों में | 3.50 - 3500.00 - 52500.00 |
| T0171 | ब्लाक सूरजपुर एवं भैयाथान के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में | 3.00 - 3000.00 - 45000.00 |
| T0172 | ब्लाक प्रेमनगर एवं ओडगी के अंतर्गत शासकीय गैर-आवासीय भवनों में | 4.50 - 4500.00 - 67500.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग ( वि/यां. ) संभाग
अम्बिकापुर, जिला सरगुजा ( छ.ग. )

जी-242503829/1



## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
## सरगुजा वनमण्डल, अम्बिकापुर ( छ.ग. )
### नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि सरगुजा वनमण्डल, के अधीनस्थ काष्ठागार अम्बिकापुर, में भण्डारित ईमारती लकड़ी काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में अधोहस्ताक्षरकर्त्ता द्वारा नीलाम किया जावेगा। इच्छुक पंजीकृत व्यापारियों एवं अन्य क्रेता को सलाह दी जाती है, कि नीलाम में भाग लेने के पूर्व नीलाम में रखी गई वनोपज का भली-भांति अवलोकन कर लेवें। नीलाम से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी काष्ठागार अम्बिकापुर से प्राप्त की जा सकती है। नीलाम में रखी गई वास्तविक मात्रा अधिसूचित मात्रा से कम या अधिक हो सकती है :-

नीलाम स्थल - काष्ठागार अम्बिकापुर,
नीलाम दिनांक व समय - 25.11.2024 प्रातः 09.30 बजे से

| प्रजाति | नया वनोपज | | पुराना वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लटठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) |
| सागौन | 0.000 | 0 | 15.593 | 1073 | 15.593 | 1073 |
| साल | 35.858 | 20 | 1474.376 | 4164 | 1510.234 | 4184 |
| साजा | 0.000 | 0 | 3.427 | 0 | 3.427 | 0 |
| खम्हार | 0.000 | 0 | 4.381 | 127 | 4.381 | 127 |
| धावड़ा | 0.000 | 0 | 5.068 | 0 | 5.068 | 0 |
| हल्दू | 0.000 | 0 | 3.888 | 37 | 3.888 | 37 |
| अन्य | 13.392 | 20 | 33.015 | 21 | 46.407 | 41 |
| योगः- | 49.250 | 40 | 1539.748 | 5422 | 1588.998 | 5462 |

टीपः- 1. क्रेता को पैन नम्बर एवं टीन नम्बर तथा रजिस्ट्रेशन वर्ष 2024 की प्रति, के अतिरिक्त जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
2. अपरिहार्य परिस्थिति में अधिसूचित नीलाम की तिथि में परिवर्तन संभावित हो सकता है।

वन मण्डलाधिकारी
सरगुजा वनमण्डल
अम्बिकापुर ( छ.ग. )

जी-242503856/6


# म.प्र. व उ.प्र से जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में धड़ल्ले से पहुंच रहा अवैध धान

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** जिला प्रशासन अवैध धान की खपत के जुगत में लगे कोचियों पर नकेल कसने के

**बिचौलिए है सक्रिय**

लिए रात दिन एक किये हुए है और प्रशासन की टीम लगातार कार्रवाई भी कर रही है। मगर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों से जो



खबरे आ रही है उसके मुताबिक प्रशासन की सख्ती के बावजूद बिचौली अपनी राह खोज कर सक्रिय अवैध धान खपाने की जुगत में लगे हुए है। अब प्रशासन की सख्ती के आगे बिचौलियों के मंसूबे कितने कामयाब होते है यह तो वे ही जाने मगर खबरें है कि जिले के सीमावर्ती क्षेत्र चांदनी बिहारपुर के रास्ते मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश से बड़ी मात्रा में जिले में अवैध रूप से बिचौलियों का धान आना शुरू हो गया है। सूत्रों की माने तो मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले मकरा द्वावारी के रास्ते बिहारपुर धान पहुंच रहा है वहीं दूसरे ओर उत्तर प्रदेश से बलरामपुर के रास्ते चौपाता रेड़ नदी होते हुए चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में आ रहा है। वहीं नवाटोला से सटे सपहा के रास्ते भी परिवहन हो रहा है। रोजाना बड़े पैमाने पर धान परिवहन पर कार्यवाही नहीं हो पा रही है। हर वर्ष जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में धान खरीदी शुरू होते ही चेक पोस्ट लगाकर चेकिंग अभियान चलाया जाता रहा है। परंतु वर्ष चेक पोस्ट बैरियर में ऐसी कोई व्यवस्था नजर नहीं आ रही है।

**करकोली किराना दुकान से जप्त किया गया 64 क्विंटल धान**

इधर मंगलवार को भटगांव अंतर्गत ग्राम करकोली में राजस्व, मंडी एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा मनीलाल राजवाड़े के किराना दुकान में दबिश दी गई। जहां निरीक्षण के दौरान दुकान के गोदाम में 160 बोरी धान पाया गया। जिसके संबंध में पुछे जाने पर दुकान के संचालक द्वारा संतोष जनक प्राप्त नहीं हुआ। निरीक्षण के कार्यवाही आगे बढ़ाने पर पाया गया कि दुकान संचालक के पास धान खरीदी के लिए लायसेंस ही नहीं है। इसके पश्चात् संयुक्त टीम द्वारा 64 क्विंटल धान 160 बोरी की जप्ती का प्रकरण तैयार कर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम की कार्यवाही के लिए प्रकरण को प्रस्तावित किया गया है। उक्त कार्यवाही में तहसीलदार शिवनारायण राठिया व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## पोटाश बम की चपेट में आकर हाथी शिशु घायल

**गरियाबंद-रायपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में सीतानदी-उदंती टाइगर रिजर्व में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां हाथी का एक बच्चा पोटाश बम से घायल हो गया। यह बम आमतौर पर जंगली सूअरों के शिकार के लिए उपयोग किया जाता है। घटना के बाद वन विभाग ने तुरंत खोज और बचाव अभियान शुरू किया। थर्मल ड्रोन और विशेषज्ञों की मदद से घायल हाथी की तलाश जारी है, ताकि उसे समय पर इलाज मिल सके और अधिक नुकसान से बचाया जा सके। 7 नवंबर को सीतानदी-उदंती टाइगर रिजर्व में हाथी के घायल होने की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई की। परिक्षेत्र अधिकारी शैलेश बघेल को सुबह जंगल में खून के धब्बे दिखाई दिए। इस बाद उन्होंने एंटी पोचिंग टीम एवं उपनिदेशक वरुण जैन को सूचना दी।

संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरूद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 9713108088
8719000259

# कोरिया फ्रंटलाइन

## बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ एवं हमर स्वस्थ लईका समुदाय आधारित पोषण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



छ.ग.फ्रंटलाइन

**एमसीबी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ एवं हमर स्वस्थ लईका समुदाय आधारित पोषण कार्यक्रम (सी मैम) के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर डी. राहुल वेंकट और महिला एवं बाल विकास अधिकारी शुभम बंसल उपस्थित थे। इस कार्यशाला में विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों और योजनाओं की गतिविधियों और आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं कलेक्टर ने सभी सुपरवाइजर और परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में नियमित रूप से बच्चों का वजन कराने के साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करने के लिए भी कहा। आगे उन्होंने पोषण ट्रेकर के माध्यम से बच्चों के पोषण स्तर की सही निगरानी रखने की बात कही। जिससे बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार किया जा सके साथ ही जर्जर आंगनबाड़ी केन्द्रों की लिस्ट भेजने के निर्देश दिये। वही महिला बाल विकास अधिकारी शुभम बंसल ने जानकारी दी कि जिले में इस बार मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत होने वाले विवाह का फॉर्म 01 दिसम्बर से 31 दिसंबर तक भरे जाने है इसके साथ ही आगे उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से इस बार लगभग 120 जोड़ो को का विवाह जनवरी या फरवरी में होना है, वही सभी आवेदनों को वेरिफाई करने के लिए सुपरवाइजर और परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिए है। महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने जिले में पालना केंद्र (क्रेच) को सही से खोलने के लिए निर्देश दिए, जिससे कामकाजी माताओं के बच्चों की देखभाल में अच्छे से सहूलियत मिल सके। इस बैठक में शुभम बंसल ने जिन आंगनबाड़ी केंद्रों की जानकारी को इंफ्रा पोर्टल पर अपडेट नहीं हुआ है उसको अपडेट करने की निर्देश दिए। उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक केंद्र की भौतिक और तकनीकी जानकारी समय पर पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि विभाग को हर केंद्र की वास्तविक स्थिति का सही अंदाजा हो सके और जरूरत के मुताबिक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें। आगे शुभम बंसल ने बताया कि जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में 5 नए बोरवेल खनन होना था वह नहीं हुआ है, उनकी सूची तैयार करने कहा है। उन्होंने संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया। इस बैठक में शुभम बंसल ने कहा कि इस बार बाल विवाह रोकने हेतु सभी सुपरवाइजर और ग्राम पंचायत के सचिवों को बाल विकास परीक्षक अधिकारी बनाया जायेगा, वही पुलिस विभाग और तहसीलदार से सहयोग मांगने के लिए कहा, इसके साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना के लिए स्कूलों से सहयोग मांगने के लिए कहा, साथ ही (सी सैम) डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से पोषण अभियान और आंगनबाड़ी केंद्रों की निगरानी करने और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मोबाइल आधारित ऐप के माध्यम से पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा से संबंधित डेटा एकत्र करने, ट्रैक करने और योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए है। साथ ही अति गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण ट्रेकर में अपडेड करने के लिए कहा उन्होंने आगे बताया कि एनआरसी के माध्यम से गंभीर कुपोषण से ग्रस्त बच्चों को चिकित्सा सहायता, उचित आहार और पोषण संबंधी परामर्श प्रदान करने लिए कहा। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के साथ-साथ उनकी माताओं को भी पोषण, स्वास्थ्य और देखभाल के बारे में जागरूक करने के लिए निर्देशित किया है। इसके साथ ही जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बौनापन, दुर्बलता और कमवजन बच्चों का वजन और ऊंचाई को लेकर अपडेट करने के निर्देश दिए है । साथ ही टीएचआर को कोई लेने नहीं आ रहा है तो टीएचआर को उनके घर छोड़ने के लिए निर्देशित किया है। इसके साथ ही महिला बाल विकास अधिकारी ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी खाद्य मेन्यू को सही से देने को निर्देश दिए, साथ ही कुपोषण चौपाल को सही से करने, आधार अपडेट, मोबाइल नम्बर अपडेट, आंगनबाड़ी केंद्रों का हैंडओवर नहीं हुआ है जानकारी भेजने के लिए कहा, इसके साथ ही सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल व्यवस्था, पोताई कार्य, सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत प्रति केन्द्र में 5 खाता खोलने के लिए सभी सुपरवाइजरों को निर्देश दिए। इसके साथ छत्तीसगढ़ महिला कोष से जितने स्व सहायता समूह ने ऋण लिया है, उसकी ऋण वसुली करने के निर्देश दिए और सभी परियोजना अधिकारियों को दिशा दर्शन योजना का लिस्ट भेजने के लिए निर्देशित किया। महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री मातृ योजना में आधार अपडेट करने के लिए भी निर्देश दिये। महिला एवं बाल विकास अधिकारी शुभम बंसल ने आंगनबाड़ी केंद्रों की बेहतरी और उनकी सुचारु गतिविधियों को सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस बैठक में जिले के सभी सुपरवाइजर और परियोजना अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

खनिज एवं राजस्व विभाग की बड़ी कार्रवाई

## पैनारी में शिवानी कंस्ट्रक्शन द्वारा संचालित अवैध स्टोन क्रेशर सील

**अवैध उत्खनन समेत अवैध भंडारण का केस दर्ज**



छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** कलेक्टर के निर्देश पर खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम पैनारी, तहसील खड़गवां में शासकीय भूमि पर संचालित अवैध क्रेशर को सीलबंद किया गया है। ज्ञात हो कि ग्राम पैनारी, तहसील खड़गवां स्थित शासकीय भूमि खसरा न.1109 रकबा 1.81 हेक्टेयर भूमि, मद छोटे झाड़ के जंगल पर ठेकेदार शिवानी कंस्ट्रक्शन अंबिकापुर द्वारा बिना वैध अनुमति के क्रेशर स्थापित कर पत्थर क्रशिंग का कार्य किया जा रहा था। ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत की गई थी। संज्ञान में आने के बाद खनिज और राजस्व विभाग के द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के दौरान अवैध रूप से स्थापित क्रेशर क्षेत्र में लगभग 14 ट्रैक्टर ट्रॉली बोल्डर और गिट्टी भंडारित किया जाना पाया गया साथ ही साथ शिवानी कंस्ट्रक्शन के द्वारा लगभग 6300 घन मीटर मिट्टी, मुरूम भी अवैध उत्खनन किया जाना पाया गया है। जिससे खान और खनिज (विकास और विनियमन ) अधिनियम 1957 के तहत अवैध उत्खनन का केस दर्ज किया गया है। मौके पर छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन तथा भंडारण ) नियम 2009 के तहत क्रेशर को सीलबंद किया गया है इसके साथ ही बिना अनुमति छोटे झाड़ मद की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का मामला होने के कारण क्रेशर के विद्युत कनेक्शन को विच्छेदित करते हुए राजस्व विभाग द्वारा स्थल पर स्थापित जनरेटर, पैनल, मोटर कंप्रेशर मशीन को जप्त कर एवं मौके से हटाया जाकर सुरक्षार्थ कोड़ा पुलिस चौकी में रखा गया है। कार्यवाही में शशि शेखर मिश्रा तहसीलदार खड़गवां, आदित्य मानकर खनिज निरीक्षक, पटवारी सूरज कुमार, पुलिस विभाग विद्युत विभाग, कोटवार एवं अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

## शासकीय हाई स्कूल पिपरिया में मनाया गया विश्व शौचालय दिवस



छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** जिले के शासकीय हाई स्कूल पिपरिया में विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर जिला स्वच्छता मिशन ग्रामीण के जिला समन्यक राजेश जैन ने छात्राओं को ग्रामीण क्षेत्र में साफ सफाई एवं खुले में ना जाकर शौचालय का उपयोग करने की सलाह दी साथ ही स्वयं की सफाई नाखून काटना, हाथ धोना, नेल पॉलिश आदि के बारे में विस्तार से बताते हुए साफ-सफाई रखने की सलाह दी। संस्था के प्राचार्य डॉ विनोद पांडेय ने अपने स्वयं की सफाई के साथ-साथ आसपास एवं दुकान ,चौराहों को तथा आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने की सलाह दी। स्वच्छता एवं सफाई के लिए विद्यालय की नौवीं कक्षा की छात्रा दिव्या को नगद राशि देकर प्रोत्साहित भी किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान की प्रभा प्यासी के अलावा हाई स्कूल की व्याख्याता उषा किरण सिंह, जरीना परवीन, शर्मिष्ठा दत्ता, अबुल कमर के अलावा सीएसी कमरुद्दीन अंसारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक राजेश चौधरी, गौरीशंकर, मेरी क्लारा बेक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जनदर्शन में नागरिकों की समस्याओं पर कलेक्टर ने की त्वरित कार्रवाई

छ.ग.फ्रंटलाइन

**एमसीबी।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में आज कुल 38 आवेदन प्राप्त हुए।

आज के जनदर्शन में आवेदक संजय कुमार गुप्ता निवासी मनेंद्रगढ अनुमति प्रदान करने के संबंध में, मोहर सिंह निवासी मांगोरा कक्षा आठवीं की अंकसूची में भूमि संबंधित रिकॉर्ड के अनुसार जाति प्रधान के जगह पठारी अंकित करने के संबंध में, राम कुमार निवासी बरमपुर ठेकेदार द्वारा नवीन हेडपम्प फर्जी बनने के संबंध में, राम जी यादव निवासी मसर्रा भूमि के के संबंध में, अमीरचंद रवि निवासी केराबहरा नहर सफाई कर पानी चालू करने के संबंध में, मो. सईद निवासी मनेन्द्रगढ़ भूमि के संबंध में, निर्मल सिंह श्याम निवासी कोथारी ग्राम पंचायत कोथारी में रनिंग वाटर का राशि भुगतान करने के संबंध में, गौरी सिंह निवासी चनवारीडाड में भालूओ के आक्रमण् से हो रही जान माल की सूचना के संबंध में,समस्त ग्रामवासी निवासी शंकरगढ़ भूमि के संबंध में, अक्षय कुमार पटेल निवासी सलवा गौठान निर्माण में लोहे के गेट का भुगतान न मिलाने के संबंध में, फूलमती निवासी सीरियाखोंह नल जल योजनंतर्गत सामग्री प्रदाय के बिल भुगतान कराये जाने के संबंध में, अक्षय कुमार पटेल निवासी सलवा नवीन पंचायत भवन निर्माण की बची हुई राशि न मिलने के संबंध में, किरण भगत निवासी सरभोका भूमि के संबंध में, बुधराम निवासी जिलिबांध भूमि के संबंध में, गायत्री निवासी पैनारी शासकीय जमीन में जबरन कब्ज़ा करने के संबंध में, अनिल कुमार जैन निवासी मनेन्द्रगढ़ मंदिर को मरमत कर एवं पर्यटन हेतु विकसित करने के संबंध में, राजपाल सिंह निवासी पसौरी भूमि के संबंध में, समस्त ग्रामवासी निवासी विचली खाते के भूमि पर प्रधानमंत्री सड़क योजनंतर्गत किए जा रहे के संबंध में, समस्त ग्रामवासी निवासी सलवा भूमि के संबंध में, समस्त ग्रामवासी निवासी सोनवर्षा आर सी सी पुलिया निर्माण कार्य मांग करने के संबंध में, दीपक निवासी पेण्ड्री भूमि के संबंध में, कमली बाई निवासी उजियारपुर आने जाने का रास्ता के संबंध में, बृजमोहन निवासी चांवरीडांड भूमि के संबंध में, संजय कुमार निवासी झगराखंड किराया भुगतान कराये जाने के संबंध में, नईम खान निवासी मनेन्द्रगढ़ स्मरण पत्र के संबंध में, उत्तम दुगर निवासी मनेन्द्रगढ़ भूमि के संबंध में, अभय बड़ा निवासी मनेन्द्रगढ़ गैंगवार में अंकुश लगाने के संबंध में, रामशरण यादव निवासी नेरुआ भूमि के संबंध में, दशमतीया निवासी सेमरा भूमि के संबंध में, बची लाल निवासी बरबसपुर राजस्व की चोरी किये जाने के संबंध में, हीरालाल निवासी लालपुर भूमि के संबंध में, साईं फैलेक्स निवासी मनेन्द्रगढ़ एलईडी साईन बोर्ड निर्माण कार्य देयक का भुगतान नही किये जाने के संबंध में, प्रधान पाठक निवासी चांवरीडांड भवन में बिभिन्न समस्या का निरकारण के संबंध में, कल्याण देवी गुप्ता निवासी मनेन्द्रगढ़ भूमि के संबंध में, शिवप्रसाद निवासी देवगढ़ आवास का जिओ टैग करवाये जाने के संबंध में, राजेंद्र निवासी केल्हारी भूमि के संबंध में, में शिकायत लेकर उपस्थित हुए थे । कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

## धान खरीदी केंद्रों में नोडल अधिकारियों को रखना होगा विशेष ध्यान

**अनाधिकृत रूप से लंबे समय से अनुपस्थित कर्मियों के खिलाफ होगी कार्रवाई, राजस्व प्रकरणों को करें त्वरित निराकरण**





छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों की समीक्षा की। उन्होंने धान खरीदी केंद्रों में नोडल अधिकारियों को हर शनिवार ऑनलाइन अपडेट करने तथा धान खरीदी केंद्रों में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि किसानों को खरीदी केंद्रो में किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े इसके लिए विशेष ध्यान रखें। उन्होंने अवैध धान, परिवहन, भण्डारण पर निगरानी रखने के तथा इनके खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर ने लंबे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं व शासन को इस सम्बंध में जानकारी प्रेषित के लिए भी कहा है। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से स्कूली छात्र- छात्राओं के आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र बनाने की प्रगति की जानकारी लेते हुए छात्र-छात्राओं का शत-प्रतिशत प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में अपार (ऑटोमेटेड परमानेंट उकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) आईडी कार्ड बनाने में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बच्चों के आधार और यूडाइस नंबर को समय पर स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल में अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। जिला पशु चिकित्सा अधिकारी को घुमन्तू व आवारा मवेशियों को शिफ्ट करने में हीलाहवाली करने पर कड़ी फटकार लगाते हुए कहा है कि शासन द्वारा लगातार इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है, सड़कों व चौक-चौराहे पर मवेशियों के जमावड़ा से सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने पशु कल्याण समिति के गठन सम्बन्ध में भी जानकारी ली और इस पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने आबकारी विभाग को जिले में अवैध शराब, गांजा व अन्य नशे के खिलाफ छापामार कार्यवाही करने को कहा है। श्रीमती त्रिपाठी ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत स्कूल, कॉलेज के आसपास स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, स्कूल शिक्षा व पुलिस की टीम लगातार निरीक्षण करते रहें साथ ही युवाओं को मादक द्रव्यों/पदार्थों तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु जन- जागरूकता में सक्रिय रूप से भागीदार बनाने पर भी जोर दिया।

***प्राप्त आवेदनों का करें समय पर निराकरण***

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने राजस्व अधिकारियों से बटवारा, नामांतरण, फौती सहित अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के लिए एसडीएम, तहसीलदार को स्पष्ट निर्देश दिए। श्रीमती त्रिपाठी ने बैठक में जनदर्शन, पीजी पोर्टल एवं जन शिकायत पोर्टल एवं जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों का समय पर निराकरण कर सम्बंधित आवेदकों को जानकारी देने को कहा। आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा में कहा कि जिले के प्रत्येक व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बने और प्रत्येक व्यक्ति तक आयुष्मान कार्ड का वितरण हो, प्रत्येक व्यक्ति को योजना का लाभ मिले यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्ययोजना बनाकर समयावधि में लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करने को कहा। नीति आयोग के सम्पूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी विकासखण्ड के अंतर्गत लक्ष्य की प्राप्ति की समीक्षा की गई।

आज जनदर्शन में विभिन्न मांगों व समस्याओं को लेकर 40 आवेदकों ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन दी। सभी आवेदनों को तत्काल सम्बंधित अधिकारियों परीक्षण कर समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के लिए प्रेषित किए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, श्रीमती अंकिता सोम सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मो. अब्दुल कादिर को वापस मिली राशि

**बैकुंठपुर।** जूनापारा, बैकुंठपुर निवासी मोहम्मद कादिर को प्रधानमंत्री आवास (शहरी) निर्माण के लिए नगर पालिका परिषद, बैकुंठपुर ने आवास की द्वितीय किस्त की राशि उनके खाते में डाली गई थी। बता दें मोहम्मद कादिर, बैंक से पहले ही अन्य कार्य के लिए ऋण लिए हुए थे। एचडीएफसी बैंक ने उनके खाते से पीएमवाय से मिली राशि को ऋण की राशि में समायोजन कर लिया था। मोहम्मद कादिर ने जब बैंक जाकर जानकारी ली तो बैंक वाले दो टूक जवाब दिया कि उनके खाते से ऋण की राशि में समायोजन किया गया। ऐसे सिथिति में उन्हें प्रधानमंत्री आवास निर्माण में आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। तब मोहम्मद कादिर ने जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित जनदर्शन में पहुँच कर कलेक्टर को आवेदन देकर अवगत कराया कि उन्हें आवास के लिए मिली राशि को पुनः उनके खाते में जमा की जाए। कलेक्टर ने तत्काल बैकुंठपुर नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को इस बाबत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने तत्परता के साथ बैंक में बात की और एलडीएम के माध्यम से हितग्राही के खाते में राशि पुनः जमा करने के निर्देश एचडीएफसी बैंक, बैकुंठपुर को दिया गया। अंततः मोहम्मद कादिर द्वारा बताए गए बैंक खाते में 52 हजार 936 रुपए की राशि बैंक द्वारा वापस की गई।

## स्वास्थ्य मंत्री के प्रयासों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर का होगा उन्नयन

**50 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के उन्नयन के लिए मिली 12 करोड़ रूपए की स्वीकृति**



छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेंद्रगढ़ के स्थानीय विधायक राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए कृत संकल्पित हैं। नव गठित जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर में भी स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए स्वास्थ्य मंत्री लगातार प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य मंत्री के प्रयासों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 50 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर के उन्नयन कार्य के लिए 12 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने सीजीएमएससी लिमिटेड को पत्र लिखकर अवगत भी करा दिया है। 50 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर के उन्नयन से क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा मिलेगा। यहां के लोगों को अब इलाज के लिए जिला मुख्यालय या संभाग मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही उच्च स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। जनकपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 50 बिस्तरीय अस्पताल में उन्नयन करने पर क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का आभार प्रकट किया है।

## स्थानीय फर्मों से दर सूची आमंत्रित

**एमसीबी।** छत्तीसगढ़ हेतु सामग्री क्रय करने हेतु दर आमंत्रित की जाती है। सामग्रियों का विवरण इस प्रकार है, फोटो कॉपी मशीन टोनर (लेजर जेट एमएफपी एम 42625 डीएन), वीजीए वायर, की-बोर्ड, माउस, एक्सटेंशन बोर्ड, बल्ब (चार्जर वाला), आलमीरा, आफिस टेबल, आफिसर कुर्सी, बुक कैश इत्यादी। दर सूची बंद लिफाफे में जिला कार्यालय मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के आवक-जावक शाखा में 20 नवम्बर 2024 को कार्यालयीन समय दोपहर 3 बजे तक जमा किये जा सकते है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा